शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 181 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 27 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अब भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पास बेपटरी हुई मालगाड़ी

**भुवनेश्वर**

ओडिशा के भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार सुबह अंगुल जा रही एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इस मामले में ईस्ट कोस्ट रेलवे के डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) एचएस बाजवा ने कहा कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल एक डिब्बे को पहले ही पटरी पर लाया जा चुका है और दूसरे डिब्बे को भी जल्द ही पटरी पर लाया जाएगा।

## आलू की बढ़ते दाम पर नवीन पटनायक का ममता बनर्जी को पत्र

**भुवनेश्वर**

**ओडिशा** के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है। पटनायक ने पत्र में ममता बनर्जी से मांग की है कि ओडिशा के लिए आलू की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मामले में हस्तक्षेप करें। दरअसल, ओडिशा में आलू के दाम आसमान छू रहे हैं। पटनायक ने कहा कि बारिश की वजह से ओडिशा में आलू की आपूर्ति में कमी आ रही है और इस वजह से राज्य में इसके दाम बढ़ने से आम जनता परेशान है।

## 10 साल पहले चिंतित था देश अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की रेस में: कंगना

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को तीसरी बार जीत की अभिनेत्री से राजनेता बनी कंगना रणौत ने सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार हो गया है। हम अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लक्ष्य पर अग्रसर हैं। अपने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार भाषण देते हुए उन्होंने अपनी चुनौतियों का जिक्र किया। कंगना रणौत ने नरेंद्र मोदी की तीसरी बार चुनावी जीत की सराहना की। उन्होंने कहा कि दस साल पहले देश की अर्थव्यवस्था को लेकर सभी परेशान थे। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के मार्ग दर्शन में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

# अग्निवीरों को यूपी-एमपी पुलिस में मिलेगा आरक्षण

## अग्निवीरों को प्रदेश पुलिस और पीएसी में देंगे आरक्षण: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में आरक्षण देने की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। सीएम योगी ने अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म वाले कार्य में अड़ंगा लगाने, टांग अड़ाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते 10 साल में भारत में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और इसके साजो-सामान के मामल में हम आत्मनिर्भरता की ओर से बढ़ रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से पहले शुक्रवार शाम यहां अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

**समय-समय पर रिफॉर्म अत्यंत जरूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति और समृद्धि के नित नये प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफॉर्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

हर फील्ड में पिछले 10 साल में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अथर्व्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में लाने के लिए कार्य किये गये हैं। एक तरफ हम समृद्धि के नित नये सोपान छू रहे हैं, तब हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। सेना और उनके साजो सामान में आत्मनिर्भरता के लिए उठाये गये कदम हों या आधुनिकिकरण के लिए लिए गये त्वरित निर्णय, आज अत्याधुनिक फाइटर प्लेन भारत के पास हैं।



### बीएसएफ और सीआईएसएफ में 10 प्रतिशत आरक्षण

**दो** दिन पहले ही केंद्र सरकार ने बीएसएफ और सीआईएसएफ में अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। इस संबंध में फैसला दो हफ्ते पहले हो गया था। औपचारिक घोषणा बुधवार को हुई है।

**अग्निपथ स्कीम क्या है?**–अग्निपथ योजना में चार साल के अनुबंध पर सेना, नौसेना और वायुसेना में भर्ती किया जा रहा है। इन्हें ही अग्निवीर नाम दिया गया है। छह महीने की ट्रेनिंग के बाद तैनाती होती है। अग्निवीरों को प्रतिमाह 30 से 40 हजार रुपये वेतन दिया जाता है। उनके लिए सेवा निधि अंशदायी पैकेज भी बनाया गया है।

## अग्निवीर को लेकर युवाओं में उत्साह: सीएम योगी



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यूपी और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कारीडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है। 10 लाख अग्निवीर भारतीय सेना के अग्निपथ पर मजबूत जवान के रूप में अपनी सेवा देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। दुर्भाग्य है कि कुछ राजनीतिक दलों के लिए स्वयं की राजनीति देश से बड़ी हो गई है। वो देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। वह हर रिफॉर्म और प्रगति वाले कार्य में टांग अड़ाने, गुमराह करने और बयानबाजी करने जैसे कृत्य करते रहते हैं। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर लगातार युवाओं को गुमराह कर रहा है।

**अग्निवीरों के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

आज अग्निवीर में युवा उत्साह के साथ भर्ती हो रहे हैं। इसके बाद उन्हें पैरा मिलिट्री और सिविल पुलिस में समायोजित करने की व्यवस्था की जा रही है। यूपी सरकार ने भी कहा है कि अग्निवीर की योजना जैसे-जैसे आगे बढ़ती है और जब ये युवा अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे तो हम यूपी पुलिस और पीएसी बल में इनके समायोजन की सुविधा और वेटेज देंगे।

## अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में देंगे आरक्षण: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन




**भोपाल**

**उत्तर प्रदेश** के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने भी पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण देने का फैसला किया है। कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्यों से अपील की थी कि अपने यहां पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण दें। इस पर अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने भी पुलिस और पीएसी में अग्निवीरों को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। अभी तक मध्य प्रदेश में यह स्पष्ट नहीं है कि आरक्षण कितना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कहा कि सरकार अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में आरक्षण देगी। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि मध्य प्रदेश सरकार कारगिल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशानुसार निर्णय करती है कि हमारे यहां विभिन्न प्रकार की पुलिस, सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों जवानों को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। अग्निवीर जवानों की योजना सच्चे अर्थों में सेना के आधुनिकरण के साथ-साथ योग्य सैनिकों की भर्ती के अलावा वैश्विक स्तर पर सेना को युवा बनाने की योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल दिवस पर जो संकल्प लिया है, उसका पूर्णतः अनुसरण करते हुए प्रदेश सरकार उनकी भावनाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी।

## 'मोदी ने रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाया'

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में कांग्रेस ने केवल घोटाले किए। उन्होंने सेना की जरूरतों पर कोई ध्यान नहीं दिया और केवल आयात पर निर्भर रही। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाकर आगे बढ़ाया। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कई सुधार किए गए। रक्षा उपकरणों का देश में ही उत्पादन शुरू किया गया। साथ ही निर्यात का बढ़ावा देकर रक्षा क्षेत्र में बड़ी प्रगति की। कांग्रेस शासन में सीमा पर सड़कों के निर्माण को लेकर केवल सवाल उठाए जाते थे। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के लिए 6800



किमी से अधिक सड़कें बनाई गईं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत बुलेटप्रूफ जैकेटों का आयात करता था। मगर अब मोदी सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाया है। भारत में अब तोपें बन रही हैं और दूसरे देशों को निर्यात की जा रही हैं। देश में रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ से अधिक हो गया है। सबसे बड़ी खास बात यह है कि भारत में बनने 80 फीसदी रक्षा उपकरण निर्यात किए जा रहे हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस के शासन में केवल घोटाले हुए। जबकि भाजपा ने हमेशा राष्ट्र प्रथम के ध्येय के साथ काम किया है। चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ की नियुक्ति कर-के सेना के साथ मिलकर काम करने और कमांडो थिएटराइजेशन जैसे तमाम सुधार कार्य किए।

## धारीवाल की जुबान फिसली...सदन में सभापति को दी गाली

### कहा- कोटा में रहना है कि नहीं

### सभापति ने धारीवाल को बात खत्म करने को कहा तो वहां भी अपशब्द का इस्तेमाल कर दिया



**जयपुर**

राजस्थान विधानसभा में यूडीएच की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान बोलते हुए शांति धारीवाल ने बार-बार गालियों का इस्तेमाल किया। यहां तक की सभापति संदीप शर्मा की टोका-टोकी पर उन्हें भी गाली दे दी। बता दें कि जब सभापति संदीप शर्मा ने धारीवाल को बात खत्म करने को कहा तो वहां भी अपशब्द का इस्तेमाल कर दिया। धारीवाल ने सभापति के टोकने पर कहा, तुम तो कोटा के हो, कोटा में रहना है की नहीं रहना है। संदीप शर्मा कोटा दक्षिण से विधायक हैं और धारीवाल कोटा उत्तर से विधायक हैं।

**तीन बार दी गाली**

पहली बार धारीवाल ने कांग्रेस राज के दौरान गड़बड़ियों पर लगे आरोपों पर पलटवार करते हुए अपशब्द कहे। दूसरी बार उन्होंने फर्जी पट्टे जारी करने के मामले में भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद तीसरी बार जब सभापति संजय शर्मा ने धारीवाल को बात खत्म करने को कहा तो वहां भी अपशब्द का इस्तेमाल कर दिया। धारीवाल ने सभापति के टोकने पर कहा, तुम तो कोटा के हो, कोटा में रहना है की नहीं रहना है।

संजय शर्मा कोटा दक्षिण से विधायक हैं और धारीवाल कोटा उत्तर से विधायक हैं। जब बीजेपी विधायक श्रीचंद कृपलानी ने धारीवाल के अपशब्द पर आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा, कृपलानी जी, आप तो मेरे मित्र हो। एक बार गलती से मंत्री बन गए थे, आप जानकारी हासिल नहीं कर पाए थे। अब मैं जो बोल रहा हूं, अपना ज्ञान बढ़ाओ।

## कांवड़ मार्ग पर मस्जिद और मजार पर टंगा पर्दा...बना प्रशासन के गले की फांस



**हरिद्वार**

**दुकानों** के सामने नेम प्लेट लगाने और हटाने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि हरिद्वार के रामनगर क्षेत्र में मस्जिद और मजार के सामने टंगा पर्दा प्रशासन की गले की फांस बन गया। मस्जिद और मजार कमेटी के प्रबंधकों का दावा कि उन्होंने प्रशासन के कहने पर कांवड़ यात्रा के दो दिन पहले पर्दा लगाया, जबकि पुलिस के आला अधिकारी इस तरह के किसी भी निर्देश से सीधे इनकार कर कर रहे हैं।

रामनगर क्षेत्र के मस्जिद और एक मजार के सामने पर्दा टंगा देखकर सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने लगी। इसमें बताया गया कि मस्जिद और मजार के सामने पर्दा टांगने का निर्देश प्रशासन ने दिया। मामले में जब पुलिस के आला अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने इस तरह के किसी निर्देश से सीधे मना कर दिया। वहीं मस्जिद कमेटी का कहना है कि कांवड़ मेला के दो दिन पूर्व यानि 21 जुलाई को मस्जिद और मजार के सामने पर्दा टांगा गया। पर्दा किसने टांगा और किसने हटा दिया यह फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है। आशंका है कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अभद्रता धार्मिक स्थल पर न की जाए इस दृष्टिकोण से पर्दा टांगा गया हो। मस्जिद कमेटी के मौलाना अनवर अली का कहना है कि कांवड़ यात्रा शुरू होने के दो दिन पूर्व पुलिस और प्रशासन की ओर से पर्दा लगाने के निर्देश दिए गए थे। पर्दा रात में लगाया भी गया, लेकिन यह किसने लगाया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। हालांकि मामला शुक्रवार जुमा नमाज के बाद जब तूल पकड़ा तो ज्वालापुर पुलिस ने खुद आकर पर्दा हटा दिया।

## अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, सुनीता से की मुलाकात



**नई दिल्ली**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शुक्रवार शाम को अचानक दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचीं। यहां उन्होंने अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। बता दें कि नीति आयोग की नौंवी गवर्निंग काउंसिल की बैठक राजधानी में शनिवार को आयोजित होने वाली है और माना जा रहा है कि बैठक में भी शामिल होंगी। बजट को राज्यों के खिलाफ मानते हुए इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार कर दिया है। इसी बीच सूचना मिली है कि केरल के मुख्यमंत्री भी नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होंगे। वहीं ममता बनर्जी ने बैठक में शामिल होने की पुष्टि की है। वहीं आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब और दिल्ली सरकारों ने भी बैठक का बहिष्कार करने की घोषणा की है। 25 जुलाई तक ममता बनर्जी के बैठक में शामिल होने को लेकर संशय बना हुआ था। लेकिन शुक्रवार 26 जुलाई को ममता बनर्जी में बैठक में शामिल होने की पुष्टि की है।

## ऑपरेशन चक्र-||| के तहत सीबीआई ने 43 लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** जांच ब्यूरो के अनुसार ऑपरेशन चक्र-||| एक परिष्कृत साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए किया गया था जो 2022 से कई देशों में संचालित हो रहा है। सीबीआई के अंतर्राष्ट्रीय संचालन प्रभाग ने 22 जुलाई, 2024 को धोखाधड़ी और ऑनलाइन धोखाधड़ी के अपराधों के लिए मामला दर्ज किया। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की तरफ से दिल्ली, गुड़गांव और नोएडा में सात स्थानों पर तलाशी ली गई। इस तलाशी के दौरान यह पता चला कि इस नेटवर्क में अंतरराष्ट्रीय साइबर-सक्षम वित्तीय अपराधों को मुख्य रूप से डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम से संचालित एक कॉल सेंटर से निर्देशित वितरित केंद्रों में समन्वित किया जा रहा था। इन तलाशियों के दौरान, लाइव साइबर-आपराधिक ऑपरेशनों को रोका गया और पर्याप्त सबूत एकत्र किए गए।

# कांवड़ रूट में नाम लिखने पर रोक जारी रहेगी

### कांवड़ियों की शिकायतों के बाद यात्रा मार्ग पर नेमप्लेट लगाने का दिया गया था निर्देश

### योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था- खाने में लहसुन-प्याज से झगड़े हो रहे थे

### यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा



**नई दिल्ली**

**कांवड़** यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों का नाम लिखे जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के जवाब में यूपी सरकार ने कोर्ट में दायर हलफनामे में कहा है कि ये निर्देश कांवड़ियों की शिकायतों के बाद ही लाए गए हैं। कांवड़ियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यात्रा के दौरान उनके भोजन के संबंध में पारदर्शिता के लिए यह निर्देश दिया गया है। इस मामले पर सुनवाई होनी है। यूपी सरकार ने कहा है कि कांवड़ियों को पता होना चाहिए कि वे क्या खा रहे हैं और कहां खा रहे हैं। कांवड़ यात्रा में शांति, सुरक्षा और व्यापक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश लाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई को इस निर्देश पर अंतरिम रोक लगा दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि ढाबा, रेस्टोरेंट, फल-सब्जी विक्रेताओं, फेरी वाले यह तो बता सकते हैं कि वह कांवड़ियों को किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं लेकिन उन्हें दुकान मालिकों या फिर उनके यहां काम करने वालों के नाम उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कांवड़ियों को शाकाहारी भोजन मिले और स्वच्छता का उच्च स्तर भी कायम रहे ये प्राधिकार सुनिश्चित कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा था कि सक्षम प्राधिकार फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 और स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के तहत आदेश भी जारी कर सकती है लेकिन इसको लेकर जो सक्षम अथॉरिटी के पास जो अधिकार है, उसको बिना किसी कानूनी आधार के पुलिस नहीं हथिया सकती है।

# मेजा में करेंट लगने से हुई महिला की मौत गम में भतीजी ने फांसी लगाकर दी जान

अखंड भारत संदेश

**एक ही घर में हुई दो दो मौतों से पूरे गांव में फैली सनसनी, इस ह्दय विदारक घटना से परिजनों का रो रो है बुरा हाल, जांच पड़ताल में जुटी मेजा पुलिस**

**मेजा।** मेजा में करेंट लगने से हुई चाची मौत के गम में भतीजी ने फांसी लगाकर जान दे दी। एक ही घर में एक साथ हुई दो-दो मौतों से गांव में मातमी सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मेजा पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेकर जहां पीएम के लिए भेजा दिया वही इस ह्दय विदारक घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के तंदरिरा गांव निवासी प्रेमचंद्र निषाद की पत्नी सुनीता देवी (42) गुरुवार की शाम तकरीबन साढ़े आठ बजे घर में टीवी का प्लग लगा रही थी। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे एक निजी हास्पिटल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गौरतलब है कि महिला सुनीता निषाद की मौत का सदमा उसकी भतीजी शीतू (16) पुत्री राधेश्याम निषाद बर्दाश्त नहीं कर सकी और वह भी रात्रि तकरीबन दस बजे अपनी चाची के बियोग में घर में ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उल्लेखनीय है कि उक्त गांव में एक ही घर में हुई दो-दो मौतो की भनक जैसे ही ग्रामीणों को हुई पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना की सूचना तत्काल मेजा पुलिस को दी गई सूचना पर जेवनिंया चौकी प्रभारी मनोज कुमार मयफोर्स मौके पर पहुंच कर दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हालांकि इस ह्दय विदारक घटना से परिजनों में जहां कोहराम मचा हुआ है वहीं घटना को लेकर पूरे गांव में सनसनी फैली हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि घटना दुर्भाग्य पूर्ण है फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है।

## करंट की चपेट में आने से बकरी की मौत, पालक मे आक्रोश



**मांडा।** ब्लॉक मुख्यालय के समीप स्थित मस्जिद के पास गुरूवार को एक बकरी करंट के चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई। बता दें कि मांडा खास निवासी अर्जुन सोनकर की बकरी घास चर रही थीं। इसी बीच मस्जिद के समीप गड़े विद्युत पोल के पास जैसे ही पहुंची वैसे ही बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हों गईं। स्थानीय लोगों ने बिजली कर्मचारियों को फोन कर जानकारी दी । पीड़ित ने संबंधित अधिकारियों से मुआवजे की मांग की। घटना की सूचना पर एसडीओ ध्रुव नारायण सिंह व जेई प्रदीप मिश्रा के साथ बिजली कमार्चारी मौके पर पहुंचकर कर विद्युत पोल में उतर रहे करंट को ठीक कराया गया। वहीं ग्रामीणों ने लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई तथा पालक को मुआवजा देने की मांग की हैं।

## 8 केवीए का ट्रांसफार्मर लगने के बाद और घट गई बिजली आपूर्ति

**जसरा।** लगभग एक सप्ताह पूर्व गौहनिया उपकेंद्र में ओवरलोड को देखते हुए 5 केवीए के ट्रांसफार्मर को हटाकर 8 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने भी बिजली विभाग का पूरा सहयोग किया । तथा 8 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने के समय लगभग 2 दिन बिजली नहीं आई। लेकिन उपभोक्ताओं ने उसको अनदेखा कर दिया कि अब बिजली की व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी। बिजली का ओवरलोड अब नहीं होगा। लेकिन सभी आशाएं निराशा में बदल गई। बिजली व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन बिजली विभाग के अधिकारियों ने दिया था वह सब धरा का धरा रह गया। 8 केवीए का ट्रांसफार्मर लगने के बाद बिजली आपूर्ति का स्तर धड़ाम से नीचे गिर गया। तथा पहले से भी अधिक बिजली की कटौती का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है। जिससे उपभोक्ता परेशान हो गए हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। लोगों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से बिजली विभाग द्वारा एक-एक घंटे की आपूर्ति कर अपने रजिस्टर की खानापूर्ति तो कर लेते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर देखा जाए तो प्रत्येक फीडर में मात्र एक-एक घंटे की रोटेशन पर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। और यह क्रम पूरे दिन व पूरी रात चलता रहता है। कभी-कभी आधे आधे घंटे के रोटेशन पर बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिससे लोगों को न तो दिन में चैन न रात में आराम मिल रहा है। वहीं धान की रोपाई के लिए किसानों को बिजली न मिलने से ट्यूबवेल नहीं चल रहे हैं। भीषण उमस भरी गर्मी में अपनी जिंदगी नरकीय स्थिति में लोग गुजार रहे हैं। बिजली विभाग व सरकारी विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति सही करने की सभी कवायद बेकार साबित ही रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार की शाम लगभग 4:00 बजे बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई तो पूरी रात बिजली के दर्शन नहीं हुए। तथा शुक्रवार को सुबह लगभग 16 घंटे बाद, 8:30 बजे बिजली की आपूर्ति बहाल हुई। लगभग रात में बिजली न आने से बूढ़े व बच्चों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के इस प्रकार की कार्य प्रणाली पर रोष व्यक्त किया है। अमरेहा गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य अरुण कुमार शुक्ल,हर प्रसाद पाठक, प्रधान राम मनोहर कुशवाहा जसरा के सुधीर केसरवानी, अनिल केसरवानी, संजीव केसरवानी, मुकेश केसरी, मोती विश्वकर्मा, रतन केशरवानी ,पप्पू केशरवानी आदि लोगों ने चेतावनी दी है कि बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो ग्रामीण तहसील मुख्यालय पर धरना व प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

## पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के बजट से सुधरेगा भविष्य : रामकृष्ण त्रिपाठी



**मेजा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का सातवां बजट पेश किया। यह बजट महिलाओं और गरीबों को लाभ पहुंचाएगा। बजट में मोदी सरकार की सराहना करते हुए मांडा कुशलपुर के भाजपा नेता रामकृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि यह बजट भविष्य को सुधारने वाला होगा पूरा बजट किसान पर केंद्रित है जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देता है। बजट में सभी वर्गों का समावेश किया गया है। मंगलवार को मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने किसानों को लेकर कई ऐलान किये। दो साल में देशभर के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती के लिए कार्य किया जिससे प्रोत्साहित करने, सब्जी उत्पादन एवं आपूर्ति श्रृंखला के लिए अधिक एफपीओ का गठन करने तथा किसानों के डाटा को डिजीटल करने का ऐलान किया। किसान इससे खुश हैं। यह बजट मध्यम वर्ग, स्टॉक बाजार, व्यापार, एंजल इन्वेस्टर्स, खेती, उद्योग, किसान, युवा, महिला सभी के लिए कुछ ना कुछ राहत की खबरों को लेकर आया है। नौकरीपेशा के लोगों के लिए बेहतर कटौती धनराशि वृद्धि पारिवारिक पेंशन पाने वालों के लिए उदारता बरती गई है इससे प्रति व्यक्ति आय में वृध्दि संभावित है। विकास की दृष्टि से यह बजट बहुत ही लाभदायक साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए की सरकार नए आयाम को छूएगी यह बजट किसानों के साथ मातृशक्ति समर्पित बजट है। आम जनमानस को इसका लाभ मिलेगा जिससे वह लाभान्वित होंगें। मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि देश को 2047 तक विकसित करना है।

## सर्प दंश से महिला की हालात नाजुक निजी अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** भूसे में से गेंहू की बोरी निकाल रही महिला को सर्प ने दंश लिया। जिसे नाजुक हालत में निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गुलकाईपुर में शांति देवी पत्नी स्वर्गीय राम मनोहर भूसे में से गेंहू की बोरी निकाल रही थी। बताया गया है कि वहीं छिपे सर्प ने दंश लिया जिससे महिला अचेत हो गई।जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## घर में घुस कर मारा पीटा की तोड़ फोड

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी घर में घुस कर मारे पीटे और तोड़ फोड़ किए। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के उधमपुर खगिया गांव निवासनीय सीता देवी पत्नी मुकेश कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी घर में घुस कर मारे पीटे तोड़फोड़ किए।तथा जान से मारने की धमकी भी दिए।सीता देवी ने मऊआइमा थाने में फूलचंद्र, राहुल कुमार, रोहित कुमार, सोहित कुमार, अनुराग,मीरा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## पचदेवरा-गौहानी मार्ग पर लगाये गए वैरिकेट के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**करछना।** शुक्रवार को युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने पूर्व राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र तिवारी की अगुवाई में उप जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए ज्ञापन सौपा है। दो दिन पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा बड़े वाहनों की रोकथाम को लेकर भरहा गांव के सामने पचदेवरा- गौहनिया मार्ग पर लोहे का गाटर लगाकर बैरिकेडिंग कर दिया गया था। जिससे बड़े वाहन ट्रक, बस एवं ट्रैक्टर ट्राली पर ऊंची लदी सामान को लेकर आवागमन नहीं कर पा रहा था। बैरिकेडिंग किए जाने से गौहनिया से रीवा चाकघाट जाने के लिए बड़े वाहन चालकों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर काट कर आवागमन करना पड़ रहा था। जिसे हटाए जाने को लेकर कांग्रेसियों ने उप जिलाधिकारी जागृति अवस्थी को ज्ञापन सौंपते हुए बैरिकेडिंग लगाने वालों पर कार्यवाही की मांग किया है। जिस पर उप जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी। अगर यह गलत तरीके से लगाया गया है तो इसको हटवा दिया जाएगा। इस मौके पर आयुष मिश्रा, विपिन मिश्रा, अभिषेक शर्मा, अमजद अंसारी, अभिषेक तिवारी, आकाश द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## नालियां चोक सफाई कर्मी लापता पानी जमाव से गांव में प्रवेश बाधित

### वर्षा के पानी जमाव से बिजली पोल में उतरा करेंट बाल बाल बचे लोग



**करछना।** हल्की सी बारिश में सफाई कर्मियों की पोल खोल रही है गांव की गलियां 35 से 40000 मानदेय लेने वाले कार्यरत सफाई कर्मी गांव में कितना दिलचस्पी ले रहे हैं इसका उदाहरण विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत महोरी रीवा के मजरा देवरी खुर्द में देखने को मिला गांव की नालियों की सफाई न करने से नालियों की बरसात का पानी सड़कों पर जमा हो गया है तथा लोहे के गड़े हुए विद्युत पोल भी पानी में डूबे हैं जिसमें करंट भी प्रवाहित हो रहा है उसमें विद्युत विभाग की भी लापरवाही सामने आई है विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत महोरी रीवा में शुक्रवार रात हुई बारिश से गांव में पता चलता है की सफाई कर्मी गांव से महीनों से लापता हो गया है नालिया सब चोक हैं सफाई के अभाव में पानी सड़कों पर जमा है लोगों का आवागमन बाधित है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही उसी गली में कोटेदार हिंछलाल का घर है जमा होने से ट्रांसफार्मर के पास लगे पोल में विद्युत प्रवाह के चलते कई लोग झूलने से बच गए जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल से किया जिन्होंने तत्काल वहां जाकर जेसीबी से सड़क कटवा कर पानी के निकासी करवाई और विद्युत विभाग को चेतावनी देते हुए तत्काल विद्युत व्यवस्था सही की जाए एवं विद्युत प्रवाह पोल से प्रवाह बंद हो जिससे लोगों की जान मांग का खतरा उत्पन्न ना हो,बता दें कि यही हाल लगभग करछना विकास खंड के प्रत्येक गांवों में लगभग यही हाल है।



## इफको कर्मचारी संघ ने बुलाई आमसभा, बताई यूनियन की उपलब्धियां

**अगस्त में होना है इफको इम्प्लाइज यूनियन का चुनाव**

**फूलपुर।** आगामी चुनाव को देखते हुए इफको इम्पलाइज यूनियन की एक आम सभा इफको संयंत्र के मुख्य गेट पर आयोजित की गई। जिसमें इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय कुमार यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान अब तक किए गए कार्यों का सम्पूर्ण ब्योरा प्रस्तुत किया तथा आमसभा में उपस्थित कर्मचारियों के समक्ष अपनी उपलब्धियां गिनाई। यूनियन के महामंत्री विनय यादव ने कहा की तीन वर्ष के सीमित कार्यालय में संघ ने इफको के साथ ही कर्मचारी हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्यों का क्रियान्वयन किया है। चुनाव की घोषणा करते हुए उन्होंने कर्मचारियों से आगामी चुनाव में भी अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने की अपील की। चुनाव की संक्षिप्त जानकारी देते हुए जनसम्पर्क अधिकारी स्वयं प्रकाश ने बताया की इफको इम्पलाइज यूनियन का चुनाव 06 अगस्त 2024 को सम्पन्न होगा। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त मंत्री (संगठन), संयुक्त मंत्री (प्रचार), कोषाध्यक्ष, सहायक मंत्री के साथ ही कार्यकारी सदस्य के पदों पर मतदान होना है। चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया की विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा चुनाव अधिकारी की नियुक्ति के बाद ही किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉ मानसिंह यादव का विधानपरिषद की विधायी समाधिकार समिति का सभापति बनाये जाने पर हुआ स्वागत

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में आज आयोजित कार्यक्रम में एम एलसी डॉ मानसिंह यादव को विधानपरिषद की विधायी समाधान समिति का सभापति बनाये जाने पर फूल मालाओं से लाद कर स्वागत किया गयाऔर बधाई दी गई।पार्टी के नेताओं कार्यकताओं ने डॉ मानसिंह यादव को डॉ लोहिया और डॉ अम्बेडकर जी के विचारों को सेतु बनाकर सामाजिक न्याय का प्रबल पक्षधर बताते हुए इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने का स्वागत किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आभार भी जताया। सपा नेताओं ने पार्टी के पूर्व विधायक स्व जवाहर सिंह यादव की दिनदहाड़े की गई हत्या में उम्र कैद की सजा भोग रहे उदय भान करवरिया को जेल से रिहा किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों, हत्यारों, बालात्कारियों को सजा की बजाय माफी दी जा रही है जो जनादेश के साथ धोखा है। भाजपा सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा गया कि सपा सड़क से लेकर सदन तक अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ संघर्ष और अधिक तेज करेगी। जिले भर में बढ़ रहे अपराध, किसानों की समस्याओं, स्कूलों में फीस वृद्धि, महिलाओं की असुरक्षा आदि मुद्दों पर चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, यमुनापारअध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, डॉ संग्राम सिंह यादव, हाकिम लाल बिन्द, पंधारी यादव, अमरनाथ सिंह मौर्य, राजू पासी, रविन्द्र यादव, महावीर यादव, राम अवध पाल, वजीर खान, प्रेम चंद्र कुशवाहा, असगर अली, खिन्नी लाल पासी, राजबहादुर, नवीन यादव, रुपनाथ यादव एडवोकेट, ओ पी पाल, आदि मौजूद रहे।

## मकान बनाने को लेकर ठेकेदार ने मालिक और उसके घर वालों को बेरहमी से पीटा, मुकदमा

**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के गड़ैया कला निवासी अनुराधा तिवारी ने थाने में जाकर तहरीर देकर बताया कि उसके पति मनोज तिवारी ने मकान बनाने का ठेका उसके ही गाँव के अखिलेश सोनकर पुत्र फूलचंद सोनकर को पिछले महीने दिया था।मकान का काम ठीक ठाक न कराने और हफ्ते हफ्ते काम से गायब रहने के चलते मनोज तिवारी ने दूसरे मिस्त्री को काम का ठेका दे दिया । गुरुवार की शाम दर्जनों की संख्या में अखिलेश सोनकर,रवि सोनकर, राकेश सोनकर,प्रदीप सोनकर, बाबा सोनकर,वैद्य, रोहित सहित अन्य लोग धारदार हथियार लेकर मनोज तिवारी उसके बुजुर्ग पिता कृपानाथ तिवारी और मनोज की पत्नी अनुराधा तिवारी को घर मे घुसकर मारा पीटा,भद्दी भद्दी गालियाँ दीं। और जान से मारने की धमकी देते हुए एससी एसटी के तहत फर्जी मुकदमा लिखाने तक की भी धमकी दे डाली। मारपीट के दौरान तीनों के ही शरीर पर गंभीर चोटें आई है। घायल



अवस्था में पीड़िता अपने परिजनों के संग कौंधियारा थाना पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। जहां पुलिस ने सभी का मेडिकल करा घर



भेज दिया। तहरीर के आधार पर कौंधियारा थाना की पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।और कार्यवाही करने की बात कही।

# न्यूज झरोखा

## श्रावण मास के पांचवें दिन बोलबम के लिए रवाना

### डीजे बाजे के साथ नाचते - धिकते घर से बाहर पहुंचाया



**मांडा।** चिलचिलाती धूप में श्रावण मास के पांचवें दिन बोलबम के लिए दर्जनों भक्त भगवा रंग में रवाना हुए। शुक्रवार को चिलचिलाती धूप में मांडा क्षेत्र के बघौरा खवासान से दर्जनों भक्त भगवा रंग वस्त्र धारण कर बैजनाथ धाम के लिए डीजे बाजे के साथ घर से रवाना हुए। वहीं घर की महिलाएं डीजे बाजे के साथ नाचते -धिरकते बाहर पहुंचाया।

## राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतों के 20 राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम सचिवालय सेमरी में संपन्न हुआ। जिसमें स्किल इंडिया के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर योग्य प्रशिक्षक द्वारा समझाते हुए बताया गया। इस अवसर पर राजमिस्त्रियों को पारंगत करते हुए निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाले सामग्रियों की मात्रा एवं अनुपात की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण देने वाली संस्था भावसर के कोऑर्डिनेटर एवं प्रशिक्षक सुरेंद्र कुमार साकेत ने बताया कि नौदिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत लिखित एवं मौखिक परीक्षा के साथ प्रायोगिक परीक्षा भी ली गई। तत्पश्चात डेढ़ माह बाद इन्हें भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र के साथ निर्माण कार्य संबंधी टूल्स भी दिए जाएंगे। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी सरिता पाल, ग्राम प्रधान बलबीर सिंह यादव, पवन मिश्रा, फूलचंद, राजू सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## किसान यूनियन ने ब्लॉक मुख्यालय पर दिया धरना, आश्वासन पर माने



**सहसों।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा विकास खण्ड सहसों मुख्यालय पर किसान यूनियन के महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा विकास खण्ड क्षेत्र के 45 ग्राम पंचायतों में नाली, इंटरलॉकिंग, पेंशन एवं आवास आदि विभिन्न भागों को लेकर ब्लॉक कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया गया। लगभग चार घंटे तक नारेबाजी के साथ हंसिया व लाठी लेकर कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी देव कुमार ने पहुंचकर कार्यकताओं से सार्थक बातचीत की तथा सोमवार तक सभी समस्याओं के उचित समाधान का आश्वासन दिया। जिस पर ब्लॉक का ताला खोलकर कार्यकताओं ने धरना समाप्त किया। इस दौरान थाना थरवई की पुलिस शांति व्यवस्था हेतु मौके पर मौजूद रही। धरना प्रदर्शन के पश्चात यूनियन के विधि सलाहकार अशोक मिश्रा ने बताया कि यदि सोमवार तक समाधान हो जाएगा तो ठीक है अन्यथा मंगलवार को अगली रणनीति बनाई जाएगी।

## जेके सीमेंट प्लांट शुरू, पांडेय बिल्डिंग मेटेरियल जंघई को मिली पहली डिलिवरी



**जंघई।** संगम नगरी प्रयागराज में जेके सीमेंट लिमिटेड के बारा प्लांट ने उत्पादन का शुभारंभ किया, जो क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और निर्माण कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन समारोह में पहली सीमेंट की गाड़ी हंडिया तालुका के होलसेलर डीलर श्री साई ट्रेडर्स सोनू केशरवानी के अधिकृत विक्रेता बंधु पांडेय बिल्डिंग मटेरियल जंघई को सौंपी गई इस विशेष अवसर पर भव्य पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में जेके सीमेंट के प्रमुख अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिनमें जिले से अधिकारी लोकेंद्र तिवारी, तकनीकी अधिकारी राहुल शर्मा, और सेल्स अधिकारी सर्वेश यादव सूरज शामिल थे। अधिकृत विक्रेताओं में विनोद पांडेय, आशुतोष पांडेय, संजय पांडेय एवं डॉक्टर अरूण पांडेय, मालिक पांडेय, बब्बू मिश्रा और लालचंद यादव भी मौजूद रहे। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि बारा प्लांट शुरू होने से जेके सुपर सीमेंट की उपलब्धता प्रयागराज और आसपास के जिलों में बढ़ेगी, जिससे निर्माण सामग्री की उपलब्धता में सुधार होगा। इस पहल से न केवल स्थानीय व्यवसायों को लाभ मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और विकास के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने इस नई पहल को क्षेत्र की आर्थिक और बुनियादी ढांचे की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उम्मीद जताई कि यह प्लांट क्षेत्रीय विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरी करेगा।

## प्रयागराज जंक्शन एवं छिवकी स्टेशन पर चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान

**प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुखद और आरामदायक यात्रा के साथ बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज मंडल में अवैध वेंडरों, गंदगी फैलाने वालों, टिकट रहित और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए स्टेशनों व गाड़ियों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलता रहता है । दिनांक 25.07.2024 को प्रयागराज जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस जांच अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ, रेलवे सुरक्षा बल व राजकीय रेलवे पुलिस मिलकर कार्य करते हुये अवैध वेंडरों, गंदगी फैलाने वालों, धूम्रपान, अनबुक्ड लगेज, टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा करने वालों पर जुमार्ना लगाया गया। इस जाँच अभियान में 10 गाड़ियों सहित स्टेशनों की सघन जांच की गयी। इस अभियान में कुल 53 यात्रियों को प्रभारित कर 25650/- रूपए जुमार्ना वसूल किया गया इसमें 30 बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 11610/- रूपए, 04 अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 1500/- रुपए, 13 गंदगी फैलाने वाले यात्रियों को प्रभारित कर 1700/- रूपए एवं 06 बिना बुक सामान के यात्रियों से 10840/- रूपए का जुमार्ना वसूल किया गया ।

# वाहन चोरों के गैंग को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 7 गाड़ियां बरामद

## तीन बोलेरो, दो स्कार्पियो भी मिली, बरामद माल की कीमत 53 लाख के करीब

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले बड़े गैंग को गिरफ्त में लिया है। गिरोह के मुखिया समेत चार वाहन चोर पकड़े हैं। पुलिस ने तीन बोलेरो, दो स्कार्पियो, एक अप्पे वैन, एक स्पेंडर बाइक बरामद की है। इन बदमाशों से बरामद गाड़ियों और सामान की कीमत करीब 53 लाख रुपए है।डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने बताया- नवाबगंज, हंडिया, फाफामऊ, सोरांव और कर्नलगंज से वाहनों की चोरी करता था। कुछ दिनों बाद प्रयागराज के ग्रामीण इलाकों या फिर दूसरे शहरों में वाहनों को ले जाकर आधे दाम पर बेच देता था। चार बदमाश वाहन चोरी करके ठिकानों पर छिपा देते थे। इसके बाद एक बिचौलिया वाहन बेचने के लिए लग जाता था। डीसीपी के मुताबिक, गिरोह का सरगना कृष्ण कुमार उर्फ बच्चा यादव कई बार जेल गया है। जेल से छूटने के बाद उसने वाहन चोरों का गिरोह बनाया और वारदातें करने लगा। चोरी गैंग गिरोह के शातिर पकड़े आरोपियों में कृष्ण कुमार उर्फ बच्चा निवासी बनई का पुरा नवाबगंज, अंकित गौतम निवासी कटरा कौड़िहार, बच्चा पासी उर्फ अभि पासी निवासी बुदौना नवाबगंज, शनि सरोज निवासी टिकुरी हथिगंवा प्रतापगढ़ हैं। पांचवा आरोपी उमेश चंद गुप्ता उर्फ बिल्लू निवासी कोरारी नवाबगंज का रहने वाला है। गाड़ियों को बेचना इसका काम था।

### सीएम योगी की समीक्षा बैठक के दौरान तीन बार बिजली गुल होने पर जेई एसडीओ का तबादला

**प्रयागराज।** सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के दौरान शनिवार को तीन बार बिजली गुल होने के मामले में अवर अभियंता के बाद एसडीओ ईडी मिश्रा का भी तबादला कर दिया गया है। हालांकि जनरेटर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) है पर कार्रवाई बिजली विभाग के अवर अभियंता और एसडीओ पर हुई। मुख्य अभियंता पीके सिंह के निदेश पर विद्युत नगरीय वितरण खंड द्वितीय के अधीक्षण अभियंता मुकेश बाबू ने जांच की। जिसमें पाया गया कि बैठक वाले दिन जनरेटर ओवरलोड होने के कारण बिजली ट्रिप हुई। जिसके बाद सिविल लाइंस अवर अभियंता विजय मौर्य को हटाकर वाराणसी मुख्यालय संबद्ध कर किया गया।वाराणसी से आई एमडी टीम ने जांच पाया कि सर्किट हाउस में लगा जनरेटर बैठक वाले दिन ओवरलोड होने से गर्म पड़ा। जिस वजह से बिजली ट्रिप हुई। इसी मामले में अब सिविल लाइंस एसडीओ ईडी मिश्रा का भी तबादला कर दिया गया है। मुख्य अभियंता पीके सिंह ने बताया कि मामले में अवर अभियंता और एसडीओ तबादला किया जा चुका है।

# हाईवे पर ट्रक-डीसीएम की भिड़ंत में एक चालक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के कस्बा भीटी में नेशनल हाईवे ओवर ब्रिज पर ट्रक और डीसीएम की जोरदार भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपरदहां भेजा, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे ट्रक चालक अंकित पाल (25) पुत्र नागेंद्र पाल निवासी ग्राम बरना थाना जैथरा जनपद एटा ट्रक लेकर वाराणसी की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह कस्बा भीटी ओवर ब्रिज पर पहुंचा था कि सामने से आ रही डीसीएम से जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी बरौत सौरभ पांडेय अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहां ले गए। डॉक्टरों ने डीसीएम चालक आकाश (35) पुत्र अज्ञात को मृत घोषित कर दिया। ट्रक चालक अंकित पाल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के बाद डीसीएम चालक बोनट में बुरी तरह फंस गया था, जिसे घंटों मशक्कत के बाद बोनट काटकर बाहर निकाला गया। वहीं बरौत पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रकों को क्रेन बुलवाकर चौकी में दाखिल कर आवागमन बहाल कराया। बहरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया कारगिल विजय दिवस

अखंड भारत संदेश

## क्षेत्रीय अभिलेखागार द्वारा आयोजि हुआ पुष्पांजलि अभिलेख प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम





**प्रयागराज।** शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि,अभिलेख प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज द्वारा शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी गई तत्पश्चात अन्य कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। कारगिल के अमर शहीद सेनानियो के अदम्य शौर्य, उनके बलिदान तथा कारगिल युद्ध से सम्बन्धित पोस्टर/चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इंद्रजीत पटेल और साथियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित बिरहा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज द्वारा किया गया। सभी अतिथियों को श्री गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी/प्रभारी क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर श्याम पाण्डेय अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा, अंगद पटेल, राजेंद्र तिवारी उर्फ दुकानजी, सुमित दुबे, अरुण दुबे, पवन राष्ट्रवादी, सागर पांडे, शुभम शुक्ला, शिव प्रताप मिश्रा, बृज मोहन, शुभम कुमार सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

### अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा शिनाख़्त नहीं

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मेवालाल बगिया चौराहे पर शुक्रवार भोर में अज्ञात वाहन ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया की अभी युवक की शिनाख़्त नहीं हो पाई है।

### इविवि में मनाया कारगिल विजय दिवस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज की ओर से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें यूनिट के कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी देशभक्ति और वीर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत कैडेट्स द्वारा रैली से हुई, जिसमें उन्होंने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली के बाद, कैडेट्स ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। इसके बाद, कैडेट्स ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान, कैडेट्स ने देशभक्ति पर आधारित भाषण दिए और कविताएं भी प्रस्तुत कीं। उनकी प्रस्तुति ने सभी उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया और कारगिल युद्ध के नायकों की वीरता को याद दिलाया। कैडेट्स ने 'सच है विपत्ति जब आती है' कविता का सजीव पाठ किया। इस अवसर पर डॉ मधुसूदन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नए यमुना पुल से दो किशोरियों समेत तीन ने लगाई छलांग, एक को बचाया, दो लापता, खोजबीन जारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नए पुल से बृहस्पतिवार दोपहर किशोरी सहित तीन लोगों ने यमुना में छलांग लगा दी। पुल के नीचे तैनात जल पुलिस एक ही युवती को बचा पाई, जबकि युवक और किशोरी गहरे पानी में समा गए। देर शाम तक खोताखोरों ने दोनों को खोजा, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। लालापुर थाना क्षेत्र के चिल्ला गौहानी गांव निवासी रमेश पटेल ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी वर्षा पटेल (15) 11वीं में पढ़ती थी। बृहस्पतिवार सुबह करीब 7:30 बजे वह स्कूल के लिए निकली थी। घर से वह एक किमी तक साइकिल से जाती थी। इसके बाद एक परिचित के घर साइकिल खड़ी करके बस से स्कूल जाती थी। सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस ने फोन कर बताया कि वर्षा नए पुल से कूद गई है और निजी अस्पताल में भर्ती है।अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि वहां घूरपुर थाना क्षेत्र के सेमरा कल्बना गांव निवासी नम्रता पटेल (24) भर्ती है। इस दौरान जानकारी मिली कि उसके साथ एक और लड़की भी कूदी थी। उसका स्कूल बैग थाने में है। थाने पहुंचने पर रमेश को पता चला कि बैग उनकी बेटी वर्षा का है। वहीं, जल पुलिस प्रभारी जनार्दन साहनी ने बताया कि नए यमुना पुल से वर्षा और नम्रता एक साथ कूदी थीं। इसके करीब एक घंटे बाद युवक ने भी पुल से छलांग लगा दी। नम्रता को निकालकर पुलिस को सौंप दिया गया, जबकि युवक और किशोरी का अब भी पता नहीं चल सका है।

**सीमा विवाद में उलझी रही दो थानों की पुलिस :** नए यमुना पुल से बृहस्पतिवार को नदी में छलांग लगाने वाली वर्षा पटेल का कुछ पता नहीं चल सका है। पिता रमेश पटेल ने बताया कि सूचना पर जब वह कीडगंज थाने पहुंचे तो उन्हें पुलिस वालों से बेटी का बैग मिला। जिस लड़की को जल पुलिस ने बचाया था वह उनकी दूर की रिश्तेदार है। वहीं, सीमा विवाद में दो थानों की पुलिस उलझी रही। रमेश का कहना है कि जब उन्होंने कीडगंज पुलिस से बेटी को खोजने के लिए कहा तो पुलिस कर्मियों ने बताया कि जिस तरफ किशोरी ने छलांग लगाई है, वह नैनी क्षेत्र में लगता है, इसलिए नैनी पुलिस ही खोजबीन करेगी। वह नैनी थाने पहुंचे तो बताया कि वह उनके क्षेत्र में नहीं आता। इसके बाद उन्होंने निजी खोताखोरों से संपर्क किया। खोताखोरों ने कहा कि बेटी के मिलने पर 10,000 रुपये लेंगे और नहीं मिलने 5,000 रुपये। करीब दो बजे खोताखोर छात्रा को खोजने के लिए नदी में उतरे। करीब दो घंटे के खोजबीन की, लेकिन वर्षा का कुछ पता नहीं चला। सूत्रों के अनुसार, नम्रता घर से गौहनिया ब्यूटी पार्लर सीखने निकली थी। वर्षा और नम्रता में बुआ-भतीजी का रिश्ता है। दोनों एक साथ कैसे और कब आईं और नया यमुना पुल पर कैसे पहुंची। परिवारवाले इस बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाए। दोनों लड़कियों के कूदने के करीब एक घंटे बाद नदी में छलांग लगाने वाले युवक का भी पता नहीं चल सका है। उसके बारे में किसी तरह की जानकारी भी नहीं मिल पाई है।

उधर, कीडगंज पुलिस का कहना है कि सिर्फ दो लड़कियां ही कूदी थीं, लेकिन जल पुलिस प्रभारी जनार्दन साहनी का कहना है कि दोनों लड़कियों के कूदने के करीब एक घंटे बाद एक युवक भी कूदा है जिसका कुछ पता नहीं चल सका है। यमुना पुल से छलांग लगाने वाली 15 वर्षीय किशोरी वर्षा पटेल का शव शुक्रवार को मिल गया। गोताखोरों के कई घंटे कड़ी मशक्कत के बाद यमुना नए पुल के पास शव मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वर्षा लालापुर थाना क्षेत्र के चिल्ला गौहानी की रहने वाली थी।

# अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन की अध्यक्षता में परामर्शदात्री समिति की गोष्ठी आयोजित

अखंड भारत संदेश

## महाकुंभ 2025 की तैयारियों एवं यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं के दृष्टिगत की गई गोष्ठी




**प्रयागराज।** आगामी महाकुम्भ-2024-25 की तैयारियों एवं यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं के प्रबन्धन हेतु समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में अपर पुलिस महानिदेशक महोदय, प्रयागराज जोन, प्रयागराज की अध्यक्षता में त्रिवेणी सभागार पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट प्रयागराज में परामर्शदात्री समिति की गोष्ठी आयोजित की गयी। परामर्शदात्री समिति की गोष्ठी में महाकुम्भ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधाजनक आवागमन हेतु तकनीकी साधनों (सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन एवं आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स) के माध्यम से निगरानी कर यातायात नियंत्रित किये जाने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया। महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रचलित परियोजनाओं के कार्य समय से पूर्ण करा लिए जायें। रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं/ यात्रियों के सुरक्षित आवागमन हेतु बेहतर सुविधायें उपलब्ध करायी जायें एवं श्रद्धालुओं से शालीनतापूर्ण एवं विनम्र व्यवहार के दृष्टिगत स्किल्ड अधिकारी/कर्मचारीगण महाकुम्भ मेला ड्यूटी में लगाये जायें। गोष्ठी में पुलिस आयुक्त प्रयागराज, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक रेंज प्रयागराज, जिलाधिकारी प्रयागराज, कुम्भ मेलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला आदि रहे।

# पीसीएस ज्योति मौर्या मामले में निलंबित होमगार्ड कमांडेंट मनीष को राहत, कोर्ट ने निलंबन पर लगाई रोक

**प्रयागराज।** विवादित एसडीएम ज्योति मौर्या मामले में निलंबित हुए होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मनीष दुबे के निलंबन पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ कर रही है। मनीष ने कुछ दिनों पहले अपने निलंबन के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर हाईकोर्ट ने डीजी होमगार्ड से इस मामले में जानकारी मांगी थी। मामले की अगले सुनवाई अब अगले महीने होगी। पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के साथ प्रेम प्रसंग के आरोपों से घिरने के बाद निलंबित किए गए होमगार्ड कमांडेंट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अपने निलंबन के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। निलंबन को खत्म करने की गुहार लगाई थी। होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे को शासन ने नवंबर 2023 में निलंबित कर दिया था। उनके खिलाफ एसडीएस ज्योति मौर्या के पति आलोक मौर्या ने तमाम सनसनीखेज आरोप लगाए थे। होमगार्ड मुख्यालय के आदेश पर डीआईजी होमगार्ड प्रयागराज रेंज ने जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके बाद डीजी होमगार्ड ने शासन से मनीष दुबे को निलंबित करने की संस्तुति की थी।

**विभाग की छवि धूमिल करने का था आरोप :** डीजी होमगार्ड बीके मौर्या ने बताया कि मनीष दुबे को विभाग की छवि धूमिल करने, मनमानी करने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया गया है। बता दें कि बीते जुलाई माह में आलोक दुबे द्वारा अपनी पीसीएस पत्नी ज्योति दुबे और गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के खिलाफ कई संगीन आरोप लगाने के बाद यह मामला सुर्खियों में आया था। तत्पश्चात डीजी होमगार्ड के निर्देश पर डीआईजी ने जांच की थी, जिसमें मनीष दुबे पर लगे आरोप सही पाते हुए उनको निलंबित कर विभागीय जांच शुरू करने और मुकदमा दर्ज कराने की सिफारिश की गयी थी।इसे डीजी होमगार्ड ने अपनी संस्तुति के साथ शासन भेज दिया था। वहीं मनीष दुबे का तबादला गाजियाबाद से महोबा कर दिया गया था। शासन में बीते चार महीने से विभागीय जांच जारी रहने और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में देरी पर होमगार्ड मंत्री ने मनीष दुबे को निलंबित करने का आदेश दिया। जिसके बाद आनन-फानन में निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। अपर मुख्य सचिव होमगार्ड अनिल कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

**एसडीएम के पति ने लगाए थे आरोप :** बता दें कि बरेली में चीनी मिल में तैनात पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के पति आलोक मौर्या ने आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी का गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ करीबी रिश्ते हैं। दोनों उसकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। उसने अपनी शिकायत के साथ कई कॉल रिकॉर्डिंग और व्हाट्सएप चैट भी मुहैया करायी थी। साथ ही, मनीष दुबे के पूर्व में कई महिलाओं के साथ संबंध होने के प्रमाण भी दिए थे। हालांकि बाद में आलोक दुबे ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी, जिसके बाद शासन ने ज्योति मौर्या के खिलाफ चल रही जांच को समाप्त कर दिया था।

## न्यूज झरोखा

### पत्रकार विकास परिषद भारत का हुआ विस्तार अशोक सिंह बने जिला प्रभारी

**पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी द्वारा किया सम्मानित**



**प्रयागराज।** पत्रकार विकास परिषद भारत के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र द्वारा पत्रकार विकास परिषद भारत प्रतापगढ़ से अशोक सिंह को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया और पत्रकारिता क्षेत्र में सराहनीय कार्य को लेकर प्रदेश कार्यालय में बैच लगाकर प्रशस्ति पत्र, डायरी, कलेंडर, देकर सम्मानित किया गया। वही जिला प्रभारी अशोक सिंह ने राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी डी के मिश्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा प्रतापगढ़ जनपद में संगठन के दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य करेंगे और संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ संघर्ष करते हुए पत्रकार विकास परिषद भारत परिवार को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा।

### वरिष्ठ समाजसेवी ने असहाय मरीजों के उपचार को आर्थिक सहायता प्रदान की



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के नीबी कला गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी पवन द्विवेदी ने शुक्रवार को आवास विकास कालोनी योजना तीन स्थित सरजू हास्पिटल में भर्ती असहाय मरीजों के उपचार के लिए डेढ़ लाख रुपये की आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की। वरिष्ठ समाजसेवी पवन द्विवेदी ने आर्थिक सहायता की राशि चेक के माध्यम से अस्पताल संचालक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय त्रिपाठी को प्रदान की। पवन द्विवेदी ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से ही वास्तव में मन को शांति मिलती है। ऐसे असहाय और परेशान लोगों की मदद करने से पुण्य प्राप्त होता है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.संजय त्रिपाठी ने कहा कि गरीबों की निःस्वार्थ भाव से आर्थिक रुप से मदद करने वाले इस समाज में बेहद कम हैं। इस मौके पर अजयराज मिश्र, रामसागर यादव, आशीष यादव, उमा सिंह, रंजना, आलोक मिश्र, अनुज पांडेय आदि मौजूद रहे।

### डीएम से मिला किसान नेताओं का प्रतिनिधिमंडल



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस कमिश्नर प्रयागराज के अधिकारियो ने किसानों की समस्याओं के संबंध में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक प्रयागराज मण्डल के पदाधिकारियों के साथ मुलाकत कर किसानों की समस्याओं के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई और ज्यादातर समस्याओं का तत्काल निदान हुआ। और मामले में जल्द ही निस्तारण करने के जिलाधिकारी ने अधकारियों को तत्काल निर्देश दिया । जिलाधिकारी से मुलाकत के दौरान उपस्थित मण्डल अध्यक्ष बबलू दुबे, जिलाध्यक्ष प्रयागराज शनि शुक्ला, प्रदेश विधिक सलाहकार राहुल जमीदार, ज़िला मीडिया प्रभारी विशाल द्विवेदी आदि किसान नेता व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# बारिश से निरंजन डॉट पुल के नीचे पानी भर गया, लोगों को आने-जाने में हुई फजीहत



**प्रयागराज।** शुक्रवार भोर में झमाझम बारिश हुई। हालांकि इसके बाद पूरे दिन उमस भरी गर्मी ने शहरियों को परेशान कर दिया। थोड़ी सी बारिश के बाद निरंजन डॉट पुल के नीचे जलभराव होता है। लेकिन कुछ ही देर में पानी निकल जाता है। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद जब सुबह यहां जलभराव हुआ तो लोग यही मान रहे थे कि जल्द ही पानी निकल जाएगा लेकिन पूरा दिन पानी भरा रहा। निरंजन डॉट पुल के नीचे पानी भर गया है। इसके चलते सिविल लाइंस से प्रयागराज जंक्शन सहित पुराने शहर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया है। वाहनों को मेडिकल चौराहा या फिर हाईकोर्ट के आगे पानी की टंकी चौराहे से होकर पुराने शहर के खुल्दाबाद, लूकरगंज, हिम्मतगंज, करेली, करेलाबाग, मुट्ठीगंज, जॉनसेनगंज, चौक, घंटाघर, विवेकानंद मार्ग आदि जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हो रही है। निरंजन डॉट पुल के नीचे घुटने भर से अधिक पानी भर गया है। यह स्थिति हर बरसात होने के बाद हर बार होती है। सिविल लाइंस से पुराने शहर को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग है। इससे होकर ही यात्री प्रयागराज जंक्शन के एक नंबर प्लेटफार्म पर जाते हैं। यह मार्ग बंद होने के कारण दूसरे मार्ग से जाने पर घंटों जाम का सामना करना पड़ता है। तमाम यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। शुक्रवार को भी डॉट पुल की स्थिति शाम तक ऐसी ही रही। दोपहिया वाहन किसी प्रकार से निकले।

# शुआट्स में प्लांट टिशू कल्चर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन



**नैनी, प्रयागराज।** सेंटर फॉर टिश्यू कल्चर टेक्नोलॉजी, जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी एंड बायो इंजीनियरिंग, सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, प्रयागराज में प्लांट टिशू कल्चर टेक्नोलॉजीह्लपर दस दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. (डॉ.) आलोक मिल्टन लाल द्वारा प्रार्थना के साथ की गई, जिसके बाद डॉ. गुरुदयाल राम गुरु (कार्यक्रम सह-समन्वयक) द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया और डॉ. प्रगति शुक्ला (कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रमुख, ऊतक संवर्धन प्रौद्योगिकी केंद्र) द्वारा प्रशिक्षण का संक्षिप्त विवरण दिया गया। डॉ. सैमुअल दीपक मेकार्टी(निदेशक, अनुसंधान निदेशालय, शुआट्स) मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। उद्घाटन भाषण में उन्होंने प्रतिभागियों के करियर विकास में इस प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें फसल उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में किसानों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गुरुदयाल राम गुरु ने किया। डॉ. प्रगति शुक्ला (कार्यक्रम समन्वयक) ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम (25 जुलाई से 3 अगस्त 2024) के लिए यूनाइटेड यूनिवर्सिटी के पैंतीस छात्रों को पंजीकृत किया गया और उन्होंने प्रो. (डॉ.) जोनाथन ए. लाल (डीन, जेआईबीबी और प्रो-वाइस चांसलर एकेडमिक्स, शुआट्स) को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। प्रो. (डॉ.) रूबीना लॉरेंस (एसोसिएट डीन, अकादमिक और प्रमुख, औद्योगिक माइक्रो बायोलॉजी), प्रो. (डॉ.) कपिल लॉरेंस (प्रमुख, आणविक और सेलुलर इंजीनियरिंग विभाग), प्रो. (डॉ.) आलोक मिल्टन लाल (प्रमुख, बायोकेमिस्ट्री और बायो केमिकल इंजीनियरिंग विभाग), डॉ. राजीव कांत (प्रमुख, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी और बायो इंफॉर्मेटिक्स), डॉ. ईपेन पी. कोशी (कार्यक्रम सह-समन्वयक) और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एमडीपीजी कालेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरु

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। छात्र-छात्राएं अपने-अपने विषय की कक्षाओं में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। कक्षाओं में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर विद्यार्थी विश्वविद्यालयीय परीक्षा से वंचित किये जा सकते हैं। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि कक्षाओं के संचालन के साथ ही प्रवेश कार्य भी चलता रहेगा। परास्नातक कक्षाओं एम काम, एमएससी गणित एवं रसायन विज्ञान, एम ए भूगोल, प्राचीन इतिहास, हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र में भी प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र द्वारा विषयगत समितियां गठित की गई हैं। समितियों द्वारा अपने -अपने विषयों में काउंसलिंग एवं प्रवेश-कार्य किया रहा है। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर एवं एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश जोगापुर परिसर में किया जा रहा है।

# किसान भाई मोटे अनाज का अधिक से अधिक करें उत्पादनः डीएम

## तुलसीसदन में किसान मेले का विधायक, डीएम व सीडीओ ने किया अवलोकन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कृषि की नवीनतम तकनीक से रबी में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से जनपद में कृषि निवेशों, खाद, बीज, सिंचाई, विद्युत इत्यादि की उपलब्धता एवं तकनीकी प्रचार प्रसार हेतु सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत तुलसीसदन हादीहाल में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी/किसान मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी संजीव रंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर



किसानों को प्रमाण पत्र वितरित करते डीएम संजीव रंजन।

किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों व किसानों व जनसामान्य द्वारा तुलसीसदन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं सम्बन्धित से जानकारी प्राप्त की गयी।

किसान मेला में आये हुये अतिथियों का उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बुके देकर स्वागत किया एवं कहा कि खरीफ के लिये धान, मक्का, बाजरा, दलहनी, तिलहनी एवं अन्य फसलों की उपलब्धता है, जिन किसान भाईयों को बीज की आवश्यकता हो कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार उन्होने किसान भाईयों को उर्वरक व्यवस्था, कृषि रक्षा रसायन/बायोपेस्टीसाइड, जिंक सल्फेट वितरण, एफपीओ, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, धान नर्सरी की प्रगति, सोलर पम्प (पीएम कुसुम) योजना, प्रधानमंत्री फलस बीमा योजना, पीएम किसान आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज ने कहा कि किसान ही ऐसा प्राणी है जो सभी जीव जन्तुओं, मनुष्यों के लिये अन्न उत्पादन का कार्य करते है, इनके द्वारा उत्पादित फसलों के माध्यम से हमें भोजन व अन्य प्रकार की खाद्यय वस्तुयें प्राप्त होती है। कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित अतिथियों द्वारा 24 किसानों को रागी, ज्वार, कोदो, सांवा के बीज का वितरण किया गया एवं 03 एफ0पी0ओ0 को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम चमन सिंह, कार्यक्रम का संचालन कृषि विभाग के तकनीकी सलाहकार सुनील कुमार सिंह ने किया।

## खेत में हुई किसानों की आकस्मिक मौतें, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के एक गांव में गुरूवार की शाम दो अलग अलग घटनाओं में दो किसान की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। लालगंज कोतवाली के परसपुर खीरी गांव निवासी बयालिस वर्षीय सुशील कोरी उर्फ लल्लू पुत्र भूकन कोरी गुरूवार को खेत में जाने की बात कहकर घर से निकला था।

देर शाम उसका गांव स्थित एक धान के खेत में शव पड़ा मिला। युवक की मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि वह बीमारी से ग्रसित था। घटना को लेकर मृतक के चचेरे भाई वीरेन्द्र सरोज की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। दरोगा राजेश यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं परसपुर खीरी गांव में ही गांव निवासी छियालिस वर्षीय भाई लाल पटेल गुरूवार शाम अपने बेटे व बहू के साथ धान के खेत में काम कर रहा था। इसी बीच अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गयी। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन उसके पहले ही उसकी मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। दरोगा राजेश यादव ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

## प्राथमिक विद्यालय के पीछे पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शव

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के कंधई थाना क्षेत्र अंतर्गत बाहूपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव रस्सी के सहारे लटकता नजर आया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### सूचना पर पहुंची पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम को

मंगरौरा चैकी अंतर्गत बाहूपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे बाग में रस्सी के सहारे 55 वर्षीय अधेड़ शिव शंकर सिंह पुत्र पारसनाथ का शव लटकता नजर आया। ग्रामीणों की सूचना पर मंगरौरा चैकी प्रभारी भूपेश नाथ सिंह पहुंचे और मृतक अधेड़ के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। ग्रामीणों यह चर्चा होती रही की मृतक अधेड़ मुंबई शहर रहता था वह गांव कब आया इसकी जानकारी किसी को नहीं है। जबकि गांव के समीप प्राथमिक विद्यालय के पीछे बाग में पेड़ पर रस्सी के सहारे लटकता शव पाए जाने पर ग्रामीणों को जानकारी हुई। वहीं पुलिस हत्या और आत्महत्या कीगुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है।

## समाज के कार्य में गुरु की भूमिका महत्वपूर्णः आलोक कुमार

### कल हादीहाल में होगा शिक्षक गौरव सम्मान का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सामाजिक एवं संवैधानिक जागरूकता समिति और अवनि (ट्रस्ट) द्वारा राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर संगोष्ठी, गुरु वंदन समारोह एवं धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महराज की स्मृति में शिक्षक गौरव सम्मान का आयोजन नगर स्थित तुलसी सदन में 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से किया गया है।

इस कार्यक्रम की रुपरेखा के लिये प्रेसवार्ता का आयोजन किया



पत्रकारवार्ता में बोलते बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय

गया जिसमें नई दिल्ली बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का बड़ा महत्व होता है। शिक्षक जीवन की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। प्राचीन काल से ही जब गुरुकुल परंपरा हुआ करती थी गुरुओं का बड़ा ही सम्मान हुआ करता था। समाज का कोई भी कार्य हो गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर सौरभ पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय प्रयागराज के न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता के साथ ही अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश कुलदीपपति त्रिपाठी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश सुरेंद्र कुमार तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के विभाग प्रचारक प्रवेश, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत यादव, उच्चतम न्यायालय में उत्तर प्रदेश सरकार के स्थाई अधिवक्ता अंकुर प्रकाश, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शिव प्रकाश सेनानी की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सोनेलाल पटेल चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ के प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव करेंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि कार्यक्रम में लगभग 1000 शिक्षक सम्मिलित होंगे। प्रेस वार्ता में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय, जिला मंत्री विनय सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश मंत्री सुरेंद्र प्रसाद पांडेय, विनोद कुमार द्विवेदी, शिशिर खरे, संजय तिवारी, राकेश मिश्रा, रमेश पटेल, अजीत सरोज आदि उपस्थित रहे।

## दहेज की खातिर विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दहेज की खातिर विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। बता दें कि जौनपुर जनपद के नारायणडीह थाना मुंगरा बादशाहपुर की रहने वाली कुसुम यादव पत्नी उमाशंकर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 में उसने अपनी बेटी सोनी यादव का विवाह मकरामनभौना गांव के रहने वाले सुनील यादव पुत्र सुभाष के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। शादी के 2 वर्ष बाद से पति व ससुराली जनों द्वारा दहेज में एलसीडी टीवी ना देने की बात कहते हुए उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। शुक्रवार की सुबह भी उसे जमकर मारा पीटा गया जिसकी सूचना उसने अपने मायके दी तो उसकी मां मामले की शिकायत लेकर पट्टी कोतवाली पहुंची और ससुरालियों के विरुद्ध गंभीर आरोपों की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

## मांगो को लेकर स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने किया विरोध प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दस सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की गई। इस दौरान डीएम और सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया और जिले भर की अस्पतालों में विरोध प्रदर्शन किया गया।

संघ के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार यादव ने कहा कि म्युचुअल एवं रिक्त पदों पर स्थानांतरण की नीति लागू की जाए। वेतन विसंगति का निस्तारण करते हुए वेतन वृद्धि की जाए तथा नियमित पदों के

### डीएम व सीएमओ को सौंपा गया ज्ञापन



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारा।

सापेक्ष होने वाली भर्ती में संविदा कर्मचारियों को वरीयता दी जाए सहित 10 सूत्रीय मांगें पूरी की जाए। संगठन के प्रदेश संयुक्त मंत्री शिशिर कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शनिवार को भी सभी कर्मचारी बांह पर काला फीता बांधकर कार्य करेंगे। 29 व 30 जुलाई को निर्धारित ड्यूटी समय से एक घंटे अधिक कार्य करेंगे। 31 जुलाई व एक अगस्त को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम, सांसद व विधायक के माध्यम से भेजा जाएगा। तीन, चार व पांच अगस्त को प्रदेश के संविदा कर्मचारी भारत सरकार व राज्य सरकार के पोर्टल पर किए जाने वाले आनलाइन कार्य को बंद कर डिजिटल स्ट्राइक करेंगे। सात अगस्त को लखनऊ पहुंचकर मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर दिनेश तिवारी, मोहम्मद सरवर, अनामिका सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, धर्मवीर सिंह, संदीप त्रिपाठी, डा.सीएम शुक्ला आदि रहे।



पुलिस सहायता केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी डा0 अनिल कुमार।

## अमरगढ़ पुलिस सहायता केंद्र व थाने में भोजनालय का एसपी ने किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एसपी प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार शुक्रवार को दिन में करीब दो बजे आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अमरगढ़ बाजार पहुंचे। जहां पर जनता के सहयोग से बनाए गए पुलिस सहायता केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। वहां से वह सीधे आसपुर देवसरा थाना पहुंचे। थाने में नवनिर्मित भोजनालय का फीता काटकर वैदिक मित्रों के साथ शुभारंभ किया। इस दौरानउन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से जनता के हित में पुलिस सहायता केंद्र व पुलिस कर्मियों के हित को ध्यान में रखते हुए भोजनालय का शुभारंभ किया गया है। जिससे जनता के साथ पुलिसकर्मियों को सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी ने जिस परंपरा को प्रतापगढ़ जनपद में डाला है वह निश्चित रूप से सराहनीय है,और उसे परंपरा को आगे बढ़ने का कार्य किया जाएगा। यह कहने में कतई संकोच नहीं है कि प्रदेश के अन्य जनपदों की अपेक्षा प्रतापगढ़ जनपद में पुलिस के लिए जो निर्माण कार्य किए गए हैं वह सराहनीय और बेहतर है। इस दौरान एसपी ने थाने परिसर का निरीक्षण भी किया और साफ सफाई के लिए थाना अध्यक्ष को संतोष सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी पट्टी आनंद राय, ग्राम प्रधान शारदा प्रसाद दुबे, प्रदीप पांडे, आशीष पांडे, राजेश सिंह, दीपक तिवारी समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

## अवधी कहानी संग्रह लाल बुझक्कड़ का लोकार्पण आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री द्वारा रचित अवधी कहानी संग्रह लाल बुझक्कड़ का लोकार्पण कार्यक्रम 27 जुलाई को अपरान्ह एक बजे उनके पैतृक निवास गांव रामपुर कुर्मियान, पोस्ट ताला प्रतापगढ़ में होना सुनिश्चित हुआ है। काकाश्री की इस तीसरी पुस्तक का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्वारा अलंकृत डॉ0 राम बहादुर मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि डॉ0 अर्जुन पांडेय संस्थापकाध्यक्ष अवधी संस्थान अमेठी व प्रतापगढ सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य की उपस्थिति में होना है। साहित्य भूषण हरीलाल मिलन व विज्ञान भूषण विजय चितौरी सहित प्रदेश के कई प्रतिष्ठित साहित्यकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संग्रह के लेखक कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री ने सृजना कुटीर में हुई बैठक में दी है।

## होटल में लगी आग, सामान जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** होटल सिटी प्राइम रेजिडेंसी नया माल गोदाम रोड सदर प्रतापगढ़ के किचन में रखें फ्रिज में इलेक्ट्रिक शार्ट सर्किट से आग लगी थी जहां पर पांच एलपीजी सिलेंडर रखे हुए थे। पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुएं भी रखी हुई थी। आग की लपटे पूरे किचन में फैल रही थी, तथा भयंकर धुआं भी भर गया था। फायर सर्विस सदर की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मोटर फायर इंजन से पंपिंग करके आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया तथा होटल में रह रहे यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया। कोई जनहानि नहीं हुई।

## बड़ी बहन ने छोटी पर अवैध संबंध का लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने अपनी छोटी बहन पर पड़ोस गांव के युवक से अवैध संबंध के आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि उसके मां और पिता की मृत्यु हो चुकी है। प्रेमी उसकी बहन को बरगलाकर उसके हिस्से की जमीन अपने नाम कराना चाहता है जिससे उसका अवैध संबंध भी है। मामले की शिकायत पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## संविधान और आरक्षण को बचाने के लिये पार्टी कटिबद्ध

### सपा कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ की हुई स्थापना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर संविधान मान स्तंभ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मनाया गया। इस दौरान जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने बताया कि पीडीए को अधिकार तभी मिलेगा जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष



संविधान मान स्तंभ स्थापना पर मौजूद सपा पदाधिकारी।

आशुतोष पांडे ने कहा कि आज भाजपा सरकार निजीकरण करके नौकरियों में आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही है या सरकार युवाओं को नौकरी भी सिर्फ इसलिए नहीं दे रहे जिससे कहीं आरक्षण न देना पड़ जाए और दलित पिछड़ों वंचितों को उनके हाथ न मिल जाए। इस मौके पर समाजवादी पार्टी की महिला सभा जिला अध्यक्ष शांति सिंह ने कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया ने सबके विकास के लिए पिछड़ों को विशेष अवसर दिए जाने की मांग उठाई थी संविधान और आरक्षण खत्म करने का खतरा अभी टला नहीं है जनता के संकल्पित प्रयास से संविधान विरोधियों को मान देने का सिलसिला रुकने वाला नहीं है अश्वनी सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का वैचारिक संघर्ष जारी रहेगा समाजवादी पार्टी लोकप्रिय की लड़ाई अनवरत रखी जाएगी इसी को देखते हुए समाजवादी पार्टी संविधान मान स्तंभ की स्थापना कर रही है इस मौके पर समाजवादी पार्टी विशिष्ट आमंत्रित सदस्य गुलफाम खान, डॉक्टर शेर बहादुर यादव, आर के भीम, अहमद अली, राजकुमार यादव, रामाशंकर यादव, मनीष पाल, संदीप यादव, असलम खान, भैया राम पटेल, माधुरी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थिति में कंधई थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि कन्धई थाना क्षेत्र के वारी खुर्द गांव में एक विवाहिता रेखा वर्मा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह मूर्छित अवस्था में कमरे में पड़ी मिली थी। घटना की जानकारी होने पर परिजन उसे पट्टी सीएचसी ले गये जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों को जब इस बात की जानकारी हुई तो वह भी मौके पर पहुंचे और हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को आसपुर देवसरा के ब्लॉक आमांपर बाजार स्थित पंचायत भवन आमांपुर के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि स्वयंसेवक संघ सेवा प्रमुख शिवप्रसाद सरोज रहे। गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के तहत भगवा ध्वज का विधिवत पूजन किया गया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अशोक ने कहा कि गुरुदक्षिणा कार्यक्रम स्वयं सेवकों के प्रमुख उत्सवों में से एक है। मौके पर राम प्यारे वर्मा प्रधान अमापुर, ब्रिज देव उपाध्याय, राम इकबाल शुक्ला, ओम प्रकाश दुबे, पुनीत महेंद्र, लाल बहादुर वर्मा, मनी राम पाल, दया शंकर, सुरेंद्र कुमार, सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रसाद सरोज जिला सेवा प्रमुख प्रतापगढ़ ने किया।

## पुलिस अधीक्षक ने 41 उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने कई उप-निरीक्षकों का स्थानान्तरण किया है जिसमें उ0नि0 रमाकान्त तिवारी, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना नवाबगंज, उ0नि0 घनश्याम यादव, थाना सांगीपुर से थाना उदयपुर, उ0नि0 अजय कुमार अंचल, थाना सांगीपुर से थाना आसपुर देवसरा, उ0नि0 रामजी यादव, मा0 न्यायालय सुरक्षा से पुलिस लाइन, उ0नि0 सुमेर राम, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना पट्टी, उ0नि0 सचिन कुमार, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना सांगीपुर, उ0नि0 प्रदीप कुमार, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना अंतू, उ0नि0 प्रभात कुमार, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना मान्धाता, उ0नि0 राजेश कुमार, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना पट्टी, उ0नि0 राजेश कुमार, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना कंधई,

उ0नि0 तेज बहादुर गौतम, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 राजेश यादव, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 मिथलेश राय, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना पट्टी, उ0नि0 मनीष कुमार मिश्रा, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना अंतू, उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना महिला थाना, उ0नि0 रविन्द्र नारायण, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना कंधई, उ0नि0 ओंकार सिंह यादव, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना पट्टी, उ0नि0 श्याम बाबे अग्निहोत्री, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना मान्धाता, उ0नि0 जय किशन राम, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना सांगीपुर, उ0नि0 अनूप कुमार, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना थाना आसपुर देवसरा, उ0नि0 अशोक कुमार, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना लालगंज, उ0नि0 इदरीश खान, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना लीलापुर, उ0नि0 उपेन्द्र कुमार शुक्ला, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना लीलापुर, उ0नि0 मतगंजन मिश्रा, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना अंतू, उ0नि0 लाल भइया सिंह, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना सांगीपुर, उ0नि0 राम शंकर पाण्डेय, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना अंतू, उ0नि0 नियाज अहमद खान, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना अंतू, उ0नि0 अरविन्द कुमार सिंह, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना कुण्डा, उ0नि0 हरीश कुमार यादव ,पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना सांगीपुर, उ0नि0 मो0 युनुस, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना कुण्डा, उ0नि0 अजय कुमार सिंह, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना सांगीपुर, उ0नि0 संजय कुमार सिंह, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना मानिकपुर, उ0नि0 रामसूरत यादव, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना कंधई, उ0नि0 पारसनाथ, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना अंतू, उ0नि0 बुद्धन राम, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना महिला थाना, उ0नि0 गुलाम मोहिउद्दीन, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना महिला थाना, उ0नि0 मनोकेशरवानी, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना अंतू, उ0नि0 मति प्रीति देवी, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना व0उ0नि0 थाना सांगीपुर, उ0नि0 सिया शरण नायक पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना अंतू, उ0नि0 कृष्ण मुरारी तिवारी, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना कंधई व उ0नि0 चित्तर सिंह, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से वरिष्ठ व0उ0नि0 थाना महेशगंज भेजे गये।

## मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्यकमियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विभिन्न मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश बहादुर सिंह व ब्लाक अध्यक्ष असहदउल्ला के संयुक्त नेतृत्व में स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों ने मांगों को लेकर लालगंज सीएचसी पर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष बृजेश ने बताया कि वेतन विसंगतियों को दूर करने, वेतन वृद्धि करने, बोनस प्रदान किये जाने, रिक्त पदों पर स्थानांतरण करने समेत संघ की दस मांगें हैं। जिन पर सरकार उदासीन बनी हुई है। उन्होनें कहा कि मांगों के पूरा न होने पर स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ में घेराव करने को मजबूर होगा। इस मौके पर धीरेन्द्र मिश्र, घनश्याम यादव, डा. किरन सिंह, शोभा ओझा, रंजन जायसवाल, संजीव चक्रवर्ती, डा. रईस फातिमा, शीलम पाण्डेय, शिवानी आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका भरवारी की जांच कराने को डीएम ने गठित की टीम 3 दिन में मांगी रिपोर्ट

**नगर पालिका भरवारी में व्याप्त भ्रष्टाचार की सभी 25 वार्डो के सभासदों ने डीएम से मिलकर की शिकायत**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में व्याप्त भ्रष्टाचार एवम घटिया निर्माण की शिकायत सभासदों ने डीएम मधुसूदन हुल्गी से की है जिसके बाद भन्नाए ठेकेदार और उसके मुंशी ने सभासद प्रतिनिधि और स्थानीय लोगो को एससी एसटी एक्ट में मुकदमा लिखाने की धमकी दी है,ठेकेदार द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र देने के बाद नगर पालिका के सभी वार्डो के सभासद एकत्रित हुए और डीएम मधुसूदन हुल्गी से मिलकर नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की पूरी कुंडली बताई,जिसके बाद डीएम ने एक जांच टीम गठित कर दी और टीम से तीन दिनों में जांच रिपोर्ट मांगी है। नगर पालिका परिषद भरवारी में इस समय भ्रष्टाचार पूरे चरम पर है,किसी भी विकास के कार्य में जमकर कमीशनबाजी हो रही है जिसके चलते ठेकेदार सही से काम नहीं कर रहे है और घटिया सामग्री का प्रयोग कर विकास के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है।ठेकेदारों ने बताया कि नगर पालिका में 40 प्रतिशत कमीशन लेते है,जिसके बाद काम सही नही कर पा रहे है नगर पालिका क्षेत्र में खराब गुणवत्ता का कार्य देखकर मोहल्ले के लोग शिकायत कर रहे है लेकिन शिकायत पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है।जिसको लेकर वार्ड नंबर 25 पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर मूरतगंज के सभासद प्रतिनिधि विराट गुप्ता ने भ्रष्टाचार की शिकायत ईओ राम सिंह और एडीएम अरुण कुमार गोंड से की,शिकायत के बाद जांच को पहुंचे जेई मनोज सिंह ने पाया कि वास्तव में घटिया ईंट और अन्य सामग्री से सड़क का निर्माण किया जा रहा है,जिसकी रिपोर्ट जेई ने ईओ और एडीएम को दी है। सूत्र बताते है कि घटिया क्वालिटी का इंटरलॉकिंग ईंट अध्यक्ष के किसी करीबी के प्लांट से आई थी,और जेई की रिपोर्ट आने के बाद नाराज नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने जेई मनोज सिंह को ही हटाने के लिए डीएम को पत्र लिख दिया वही शुक्रवार को नगर पालिका परिषद भरवारी के सभी 25 वार्डो के सभासद एवम सभासद प्रतिनिधि डीएम से मिलने पहुंचे और डीएम से मिलकर नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की पूरी कुंडली खोल कर रख दी।जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर डीएम ने एक जांच टीम का गठन कर दिया और टीम से तीन दिनों में जांच रिपोर्ट देने को कहा है।

## 09 वाहनों के परमिट निरस्त करण ब्लैक लिस्ट किये जाने के लिए एआरटीओ को भेजा पत्र

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी ने उपखनिजों का अवैध परिवहन/ ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध निरन्तर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार उपखनिजों का अवैध परिवहन/ ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला खनन अधिकारी अजीत कुमार पांडेय ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी में दो या दो से अधिक बार उपखनिजों का अवैध परिवहन/ ओवरलोड परिवहन में पकड़े गए 09 वाहनों- का वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए जिला खनन अधिकारी एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को नियमित रूप से उपखनिजों का अवैध परिवहन/ ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज झरोखा

### नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



**भरवारी कौशाम्बी** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में दिनांक 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र तथा एनसीसी कैडेट्स द्वारा रैली निकाली गई इस रैली का प्रारंभ प्रबंधक रवि नारायण तिवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद द्वारा किया गया एनसीसी एनओ लेफ्टिनेंट पंकज कुमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स तथा छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार भारतीय सेना ने अपनी साहस का अदम्य परिचय देते हुए कारगिल में छिपे हुए पाकिस्तान सैनिकों को पराजित किया ,इस मिशन का नाम ऑपरेशन विजय रखा गया उन्होंने यह भी बताया कि इस विजय में भारतीय सेना के लगभग 500 जवान शहीद हुए जिसमें कैप्टन विक्रम बत्रा मरणोपरांत परमवीर चक्र दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता विनोद कुमार मिश्रा अजय कुमार भरत लाल शर्मा, श्रीमती माया तिवारी चंद्रकांत शुक्ला बालमुकुंद त्रिपाठी संतोष सिंह यादव, गंगा प्रसाद ,संजय चौधरी ,अवधेश कुमार अर्जुन लाल ,वरुण मिश्रा ,प्रज्ञा मिश्रा अतुल मिश्रा, स्वतंत्र श्रीवास्तव राजेश कुमार अस्थाना एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### कारगिल विजय दिवस के पर आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**कल्याणपुर कौशांबी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरि ओम कुमार सिंह एवं जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला अधिकारी ने रक्तदान शिविर का फीता काट कर शुरूआत किया इस कार्यक्रम में रक्त केंद्र में स्वैक्षिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया रक्त केंद्र में रक्त दाताओं संदीप कुमार,जितेंद्र पांडे,रविन्द्र अग्रहरि,अतुल कुमार केसरवानी,अंकुश केसरवानी एवं शैलेंद्र कुमार सिंह ने रक्त दान किए आयोजन में डॉक्टर राम मनोहर कनौजिया,डॉक्टर सौरभ कृष्ण मिश्रा,मोती लाल सिंह, प्रवीण कुमार सिंह,अनिल कुमार यादव ,रमेश चंद्र कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता की मां के अंतिम दर्शन को उमड़ी भीड़



**कौशांबी** भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष बृजेश केसरवानी निवासी नारा की मां रामदुलारी उम्र 75 वर्ष पत्नी कामता प्रसाद केशरवानी का निधन गुरुवार की रात हो गया है भाजपा नेता की मां के मौत की जानकारी मिलने के बाद उनके अंतिम दर्शन को नारा स्थित उनके आवास पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू सहित इलाके के हजारों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार विधि विधान से किया गया है मृतक महिला के छोटे पुत्र मुनेश केसरवानी ने उन्हें मुखाग्नि दी है मौत की जानकारी मिलने के बाद तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है

### ईओ ने चकरोड को कब्जा मुक्त करा कर शुरू कराएंगे निर्माण



**अझुवा कौशांबी।** एसडीएम सिराथू महेंद्र श्रीवास्तव के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी ने सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में चौक रोड की पैमाइश करवा कर लोगों के द्वारा कब्जा किए गए चकरोड को कब्जा मुक्त कराया कब्जा मुक्त हुई चकरोड पर मिट्टी डलवा कर चिन्हित करवाया अब जल्द ही अधिशासी अधिकारी विभागीय कार्रवाई करते हुए चकरोड का निर्माण करवाएंगे वहीं उप जिलाधिकारी सिराथू महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि लोगों के द्वारा सरकारी जमीनों पर जो कब्जा किया गया है और जो कब्जा कर रहे हैं उनको जल्द से जल्द चिन्हित करवा कर खाली करवाने का कार्य किया जाएगा

### शाखा प्रबंधक ने विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की



**भरवारी कौशाम्बी** बैंक ऑफ बड़ौदा के 117 में स्थापना दिवस के अवसर पर सीएसआर एक्टिविटी के तहत नगर पालिका परिषद मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय गौरा प्रथम में बैंक ऑफ बड़ोदा समदा के शाखा प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई है इस अवसर पर विज्ञान एआरपी मंझनपुर अतुल प्रकाश प्रजापति एवं एआरपी विज्ञान चायल मनोज कुमार मौर्या वा विद्यालय के अध्यापक गण उपस्थित रहे हैं

# विद्यालय जा रही छात्रा को नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण

**कौशाम्बी** विद्यालय जा रही कक्षा 9 की छात्रा को ई रिक्शा चालक सवार दो युवकों ने रास्ते से ही नशीला पदार्थ सुंघाकर छात्रा को ई रिक्शा में बैठा कर अपहरण कर लेकर जा रहें थे। लेकिन रास्ते में बालिका को होश आ गया है और वह अपहरण कताओं के चंगुल से बचकर निकल आई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। चरवा थाना क्षेत्र के पक्सराई गांव के महेश कुमार पुत्र भैय्या लाल की नाबालिग लड़की अंजली उम्र करीब 14 वर्ष जो गांव के ही नजदीक बब्बू, लल्लू सिंह स्मारक इण्टर कालेज काजू में कक्षा 9 की छात्रा है। 26 जुलाई को समय करीब 8 बजे सुबह अपने घर से स्कूल के लिए पैदल जा रही थी। जैसे ही विद्यालय के कुछ दूरी पर रोड़ के मोड़ के पास पहुंची ही थी पहले से दो अज्ञात लोग नीले रंग का ई रिक्शा बिग बॉस जिसका नम्बर अज्ञात खड़ा कर के खड़े थे। पीड़ित की लड़की को अकेला देख कर पकड़ लिया नशीला पदार्थ सुंघाकर कर बेहोशी की हालत में ई रिक्शा में बैठा कर पर्दा गिरा कर चल दिए। हौशी, काजू, बेरूआ चौराहा होते हुए रोही बाईपास पहुंच कर मूरतगंज की तरफ ई रिक्शा मोड़ दिया। मूरतगंज के पक्का तालाब के कुछ दूरी पर पहुंच कर ई रिक्शा रोक दिए। पीड़ित की लड़की को होश आया तो छटपटाने लगी। ई रिक्शा चालक सहित दोनों लोगों ने पीड़ित की लड़की को धमकी दिया कि ई रिक्शा से भागना नहीं वरना तुम्हें व तुम्हारे माता-पिता को जान से मार कर फेंक देंगे। इतने में दोनों लोग ई रिक्शा छोड़ कर हट गये। पीड़ित की लड़की किसी तरह अपहरणकर्ता के चंगुल से बचकर पैदल मूरतगंज के मुजाहिदपुर में अपनी बुआ के यहां जाकर आप बीती बताया तो पीड़ित की बहन ने फोन के द्वारा घटना की जानकारी अपने भाई से बताया। पीड़ित आनन-फानन अपनी बहन के यहां जाकर बदहवास हालत में अपनी लड़की को लेकर उपचार कराने हेतु हास्पीटल लेकर गया। उपचार कराने के बाद पीड़ित ने चरवा थाना पहुंच कर लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस ने शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर पीड़ित को कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है। पीड़ित के लड़की की तबियत में अभी भी सुधार नहीं हुआ है।

# चालक की लापरवाही से अनियंत्रित होकर पलटी स्कूल वैन

**मौके पर मची अफरातफरी हाल-चाल लेने के लिए विद्यार्थियों के परिजन पहुंचे घटनास्थल पर, विद्यालय प्रबंधन और चालक पर मुकदमा दर्ज कर अभी तक पुलिस ने नहीं की गिरफ्तारी**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के केशी का पूरा गांव के पास शुक्रवार की सुबह कथित चालक की लापरवाही से दर्जनों विद्यार्थियों से भरी स्कूल वैन खेत मे पलट गई स्कूल वैन के पलटते ही मौके पर अफरातफरी मच गई जैसे ही मामले की जानकारी विद्यार्थियों के परिजनों को लगी मौके पर विद्यार्थियों के परिजन पहुंच गए इस हादसे के बाद परिवहन विभाग समेत प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन पर सवाल खड़े हो गए हैं कि योग्य चालकों के बजाय अशिक्षित चालकों के हाथ विद्यालय के विद्यार्थियों की जिंदगी क्यों सौंप दी जाती है खबर लिखे जाने तक दोषी विद्यालय प्रबंधन और चालक पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी थाना पुलिस ने नहीं की है जिससे थाना पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हैंजानकारी के मुताबिक एसपी कान्वेंट स्कूल की वैन दर्जनों विद्यार्थियों को लेकर शुक्रवार की सुबह 7 बजे स्कूल जा रही थीं बताया जाता है कि विद्यालय की वैन को खलासी चला रहा था जिसके पास चालक का लाइसेंस भी नहीं है नौसिखिया खलासी को विद्यालय प्रबंधक ने विद्यार्थियों को लाने के लिए वैन सौप दी अचानक रास्ते में कथित चालक अनियंत्रित हो गया और विद्यार्थियों से भरे वाहन को संभाल नहीं सका जिससे वाहन सड़क किनारे खेत मे पलट गया वाहन के पलटते ही मौके पर मची चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुँचे और वैन से विद्यार्थियों को बाहर निकाला खबर कवरेज करने पहुंचे लोगों से भी वाहन के चालक और विद्यालय प्रबंधन ने अभद्रता की है खबर कवरेज करने से रोकने का पूरा प्रयास विद्यालय प्रबंधन ने किया है बताया जाता है कि अयोध्या का पूरा गांव का निवासी स्कूल वैन चला रहा था विद्यालय प्रबंधन और परिवहन विभाग की लापरवाही के बाद एक बार फिर अभिभावकों के सामने बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि क्या नौसिखिया वाहन चालकों के वाहनों के जरिए अपने परिवार के बच्चों को विद्यालय पढ़ने भेज कर उनकी जिंदगी दांव में लगाएगे या फिर इस तरह के विद्यालयों से बच्चों को हटाकर दूसरे विद्यालय में नामांकन कराएंगे जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की जिंदगी सुरक्षित महसूस हो सके।

# कारगिल विजेता एवं वीर नारियों को किया गया सम्मानित

कारगिल विजय दिवस समारोह



**कौशाम्बी** सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय, मंझनपुर में आज 25वॉ कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि जिलाअधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी ने शहीद अजीत कुमार शुक्ला के मानचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित कुमार सिंह ने जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक को बुकें भेट कर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कारगिल युद्ध विजेता सूबेदार मदन सिंह एवं हवलदार दशरथ लाल करवरिया को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट करतें हुए वीर नारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कारगिल में शहीद योद्धाओ को नमन करते हुए कहा कि जो लोग देश की सीमा पर अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं, उनको मैं नमन करता हूं और जो आज देश की सीमा पर तैनात होकर, हमारे देश की सुरक्षा कर रहें हैं, उन्हें धन्यवाद देता हूं। उन्हांने कहा कि अगर किसी फौजी की किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझसे मिलकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकतें हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक बंधु की मीटिंग महीने में एक बार मेरे कार्यालय में आयोजित की जायेंगी, जिसमे आप अपनी समस्या दो दिन पूर्व लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकतें हैं, जिसका समाधान मीटिंग में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा करवाने की कोशिश की जायेंगी इस अवसर पर सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह जय नारायण मिश्रा मदन सिंह तथा पूर्व सैनिकगण दशरथ लाल करवरिया शारदा प्रसाद वर्मा महेंद्र सिंह संजीव कुमार चौरसिया राज मन पाल, श्री राम यादव, कृष्ण चंद गुप्ता, उद्धव श्याम केसरवानी, मनोज कुमार सिंह, अस्वनी कुमार पांण्डेय एवं भैया लाल यादव सहित अन्य वीर नारियां उपस्थित रहीं।

# यात्रा पर निकले राहुल जानेंगे आदिवासियों का जीवन

**साइकिल से तय करेंगे झारखंड तक की यात्रा गुरूवार की रात पहुंचे अझुवा**




**अझुवा कौशाम्बी** अनुसूचित जनजातियों के जीवन और उनके दुख-सुख को स्वतः महसूस करने और उसे सोशल मीडिया पर अपने चैनल के माध्यम से प्रसारित करने के उद्देश्य को लेकर फतेहपुर के बिंदकी कस्बा निवासी राहुल आंधी साइकिल यात्रा पर निकले हैं। उनकी यात्रा 23 जुलाई से शुरू हुई और वह गुरूवार की शाम को अझुवा पहुंचे और रात्रि में विश्राम किया। फतेहपुर जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जूड़ाखेड़ा गांव निवासी राहुल जो वर्तमान में बिंदकी कस्बा के कटरा मोहल्ला में रहते हैं। उन्होंने 23 जुलाई को भारत यात्रा नाम से फतेहपुर से झारखंड तक की यात्रा साइकिल से शुरू की है। गुरूवार की शाम को वह साइकिल यात्रा करते हुए अझुवा पहुंचे और यहां रैन बसेरा में रात्रि विश्राम किया। राहुल आंधी ने बताया कि वह धीरे-धीरे झारखंड तक साइकिल से पहुंचेंगे और वहां रहने वाली जनजातियों से मुलाकात करेंगे और इसके बाद उनके जीवन के बारे में जो भी जानकारी और अनुभव प्राप्त होगा, उसे वह समाज के सामने लाने का प्रयास करेंगे और इसके लिए वह अपने फेसबुक, यूट्यूब चैनल, इंस्टाग्राम का प्रयोग करेंगे। राहुल काफी समय तक अखबार के जरिए मीडिया से भी जुड़े रहे हैं और यूट्यूब पर उनका पत्रकार की साइकिल यात्रा, आंधी यात्रा के नाम से चैनल बने हुए है। झारखंड में वह करीब तीन महीने तक जनजातियों के गांव पहुंचकर उनकी जीवन शैली को देखेंगे।

## आईटीआई चलो अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के दिए निर्देश

**अपर जिलाधिकारी ने राज्य व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के तहत आईटीआई चलो अभियान प्रवेश के सम्बन्ध में की बैठक**



**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में राज्य व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के तहत आईटीआई चलों अभियान प्रवेश के सम्बन्ध में बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर आईटीआई चलों अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ब्लाकों में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर बच्चों को आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि इस अभियान के तहत ऐसे बच्चों को चिन्हित करें जो कक्षा-08 एवं कक्षा-10 की पढाई करने के बाद आगे की शिक्षा नहीं प्राप्त कर रहें है उन्हें रोजगार परक शिक्षा आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई श्री रूद्र प्रताप गौतम ने बताया कि राज्य व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के तहत कक्षा-08 एवं कक्षा-10 उत्तीर्ण करने के उपरान्त जनपद में संचालित विभिन्न इंजीनियरिंग तथा नॉन इंजीनियरिंग व्यवसाय के लिए बेवसाइट दिनांक 04 अगस्त 2024 तक पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश लें सकतें हैं इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा, जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी-सिराथू, नेवादा, कड़ा एवं सरसवां, जिला कौशल प्रबन्धक दीपक मौर्य, आईटीआई कार्यदेशक रोहित मिश्रा तथा अनुदेशक अंकुर गौरव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पान कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान में सेंधमारी कर चोरों ने की 32 हजार की चोरी

**बेरूवा चौराहे पर पुलिस की पिकेट ड्यूटी के बाद चोरी की घटनाएं थाना पुलिस के लिए इससे बड़ी शमार्नाक क्या बात होगी**

**भरवारी कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने पुलिस की गश्त को धता बताते हुए पेट्रोल पम्प के सामने स्थित पान और कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान में सेंधमारी कर चोरों ने 32 हजार रुपए की चोरी की है, जगहट होने पर लोगो ने चोरों को दौड़ाया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोर भाग गए,घटना की सूचना पीड़ित ने चरवा थाना पुलिस से की है,सूचना के बाद पहुंची पुलिस चोरी की जांच में जुट गई है जबकि रात में पुलिस की पिकेट ड्यूटी बेरूवा चौराहे पर लगती है लेकिन पुलिस की मौजूदगी के बाद यदि चोरी की घटनाएं हो जाए थाना पुलिस के लिए इससे बड़ी शमार्नाक क्या बात होगी। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बेरूवा पेट्रोल पम्प के सामने गांव के पद्म भूषण चौरसिया की पान,कोल्ड ड्रिंक्स आदि की दुकान है,प्रतिदिन की भांति वह गुरुवार की रात में अपनी दुकान बंद कर चले गए,देर रात दुकान में सेंधमारी कर चोरों ने लगभग 30 हजार रुपए का समान पार कर दिया,वही बक्सा में रखा हुआ लगभग दो हजार रुपया नगद भी उठा गए है,रात में ही दुकान के अंदर से आवाज आने पर पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों ने उनको सूचना दी, सूचना के बाद जब वह पहुंचे और लोगो के साथ आवाज लगाई तो चोर भाग गए, दुकान खोल कर अंदर जाने के बाद सारा सामान बिखरा हुआ था और चोर बहुत सारा सामान चोरी कर ले गए थे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

## दुकान से लैपटॉप चोरी सीसीटीवी में फुटेज कैद

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के धाता रोड सिराथू निवासी अमित केसरवानी पुत्र दिनेश केसरवानी ने घर पर ही लोहे की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार की दोपहर वह लेबर को दुकान के बाहर बैठाकर खाना खाने के लिए चला गया।इसी दौरान एक युवक आया और काउंटर में रखा लैपटॉप पार कर दिया। वापस लौटने पर लैपटाप गायब देख दुकानदार सन्न रह गया। सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गया है। पुलिस ने पीड़ित से तहरीर व सीसीटीवी फुटेज लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## भूमि धरी जमीन से जबरिया मिट्टी खोद रहा दबंग,मना करने पर किया हमला

**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के भैराएं गांव में बीती शाम एक दबंग ने किसान की भूमि धरी जमीन से मिट्टी खोदने का विरोध करने पर फावड़े से हमला कर दिया जिससे किसान घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक शिव भोला पुत्र स्वर्गीय विजय शंकर निवासी भैराए ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती शाम गांव के उदय सिंह पुत्र हनुमत सिंह बिना अनुमति के उसकी भूमि धरी जमीन से मिट्टी खुदवा रहा था शिव भोला अपने पुत्र आशीष के साथ मौके पर पहुंचकर मिट्टी खोदने से मना किया तो विवाद बढ़ गया उदय सिंह गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर फावड़ा उठा कर मारना चाहा तो शिव भोला अपने पुत्र आशीष को हटाते हुए सामने आ गया जिससे शिव भोला के हाथ में गहरा जख्म हो गया शिव भोला उपचार करवाकर अझुवा चौकी पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।वहीं ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव समाज और तलाबी नंबर पर उदय कब्जा कर रहा है।

# सरकार के निर्देश के बाद भी शिव मंदिरों की नहीं हो सकी सफाई

**सावन के महीने में मंदिर में गंदगी का अंबार भक्तो में जबरदस्त आक्रोश भक्तो ने की सफाई की मांग प्रत्येक वर्ष की तरह सावन माह में होता है विशाल भंडारा**



**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत नया बाजार स्थित अति प्राचीन बजरंग बली का मंदिर है जिसमे भगवान भोले नाथ के साथ ही साथ माता पार्वती जी एवम सभी देवी देवता की मूर्ति विराज मान है जिसमे प्रतिदिन भक्तो द्वारा मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की जाती है ' मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी भक्तों द्वारा किया जाता है। बताना यह है कि उक्त प्राचीन मन्दिर को बृह्दद रूप प्रदान कर मंदिर को विशाल तरीके से निर्माण कर खाटू श्याम की भी मूर्ति को भी विराजमान करने के साथ ही मंदिर को तोड़कर नया निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके चलते मंदिर में साफ सफाई का कार्य बाधित होने की वजह से परिसर में गन्दगी एवम कूड़े से भरा पड़ा हुआ है जिसके चलते प्रतिदिन मंदिर परिसर में पूजा अर्चना करने आने वाले भक्तो को सफाई न होने की वजह से गंदगी में होकर गुजरना पड़ता है। इतना ही नहीं सावन माह का महीना होने की वजह से हिंदुओ की आस्था से खिलवाड़ हो रहा है सरकार ने भी सावन के महीने में शिव मंदिर की साफ सफाई करने का निर्देश विभाग के लोगों को दिया लेकिन सरकार का निर्देश हवा हवाई साबित हुआ जिससे भक्तों को पूजा पाठ में गंदगी से गुजरना पड़ता हैं ऐसे में भरवारी के स्थानीय भक्तो ने नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि इस भीषण समस्या को संज्ञान लेते हुए यथा शीघ्र साफ सफाई करवा दे ताकि आने वाले समय में भक्तो द्वारा विशाल भंडारा का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो सके मंदिर की साफ सफाई की मांग करने वालो में मोनू सेठ ऊर्फ गौरव वेद प्रकाश राजू गुलाटी बब्बू अग्रवाल अतिन केसरवानी उपांशु राकेश अरोड़ा प्रिंस रेडी मेड अजय केसरवानी एन डी दिलीप कुमार शुशील कुमार रमेश कुमार राजू सक्सेना पत्रकार आदि लोग शामिल है।

संपादक की कलम से

## सावरकर जैसा न बन जाए आपातकाल का मुद्दा

इन पचास वर्षों में भाजपा को आपातकाल की ऐसी याद कभी न आई, यह सवाल भी है। और इन पचास सालों में देश में आई दो पीढ़ियों को उसकी याद कितनी है और अब कितनी महत्वपूर्ण लगेगी यह सवाल भी बना ही हुआ है। इन्हीं लोगों से आज देश का बहुमत बनता है और उनकी चिंताऐं कुछ बातों को लेकर हैं। उन्हें संविधान की या लोकतंत्र की चिंता न हों ऐसा नहीं।

आम चुनाव में हुई धुलाई और चुनाव के बाद ज्यादा उत्साह में दिख रहे विपक्ष के जबाब में अपने कार्यकताओं में उत्साह लाने और कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के लोगों को बैकफुट पर लाने के लिए भाजपा आपातकाल का मुद्दा जोर-शोर से उठाने जा रही है। इसकी तैयारी कई स्तर पर है और जैसा नरेंद्र मोदी-अमित शाह की जोड़ी के अब तक के कार्यक्रमों में होता रहा है, इस बार भी अगले कई दिनों तक हर कहीं आपातकाल और उस अवधि में संविधान के मौलिक अधिकार तक स्थगित रहने जैसे न जाने कितने ही सवाल बौद्धिक चर्चा में भी आएंगे। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने चार सौ पार के नारे और भाजपा के कुछ कोनों से उठी संविधान संशोधन की मद्धिम सी आवाज को मुद्दा बनाकर दलित वोटों को अपने पक्ष में ध्रुवीकृत कर लिया वह भाजपा को, खासकर उत्तर प्रदेश में काफी नुकसान पहुंचा गया। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने कहा कि अगर भाजपा को चार सौ सीटें मिलीं तो वह संविधान में बदलाव करके दलितों, पिछड़ों और कमजोर लोगों के आरक्षण को समाप्त कर देगी। बाबा साहब का बनाया संविधान धीरे-धीरे दलितों के बीच एक बड़ा मुद्दा बन गया क्योंकि उनका अनुभव बताता है कि आजाद भारत में उनको जो थोड़ा बहुत हासिल हुआ है वह संविधान के चलते ही है।

विपक्ष का यह दांव सही बैठा। भाजपा ने भी पहले इसी तरह मोदी को चायवाला, 'नीच' और मौत का सौदागर कहने जैसे कई मुद्दों को नया स्वरूप देकर विपक्ष की घेराबंदी की थी और चुनावी सफलता हासिल की थी। चुनाव में सब कुछ चलता है, जैसे जुमलों की जगह इन सवालों में पक्ष-विपक्ष की अपनी क्षमता, विश्वसनीयता और पुराना रिकार्ड भी सफलता असफलता तय करता कराता है। भाजपा और संघ परिवार इस मामले में हाल में सब पर भारी पड़ा है। और इस बार विपक्ष का दांव चल जाने की एक वजह संघ का मोदी-शाह की कार्यशैली से नाराजगी भी थी। यह बात चुनाव तक उतनी जाहिर न हुई थी लेकिन चुनाव बीतते ही खुद संघ प्रमुख मोहन भागवत से लेकर जाने किस किस ने स्पष्ट ढंग से समझा दिया। इस दांव के चल जाने की उससे भी ज्यादा बड़ी वजह बसपा के भाजपा के साथ चिपक जाने और दलितों में राजनैतिक बेचैनी का होना भी था। पिछले चुनाव से पहले रोहित बेमुला की मौत से लेकर की जगह दलितों की पिटाई का मामला अम्बेडकरवादी जमातों और कुछ प्रगतिशील जमातों ने बड़े जोर-शोर से उठाया था लेकिन आम दलित और उनके बीच की फांक का लाभ लेते हुए भाजपा ने काफी सारा दलित वोट हासिल किया और ये जमात और इनको समर्थन दे रही कांग्रेस जैसी पार्टियां खाली हाथ रहीं।

इसलिए भाजपा अब संविधान बचाओ और उस पर अब तक के सबसे बड़े हमले, आपातकाल के पचास साल पूरे होने पर कांग्रेस और उसका समर्थन कर रही पार्टियों को घेरने की योजना पर काम कर रही है तो किसी को भी इस रणनीति में कुछ तर्क दिखेगा। लेकिन जैसे ही आप पचास साल की अवधि, इस बीच खुद इंदिरा गांधी और कांग्रेस के कामकाज पर नजर पड़ते ही भाजपा की इस तैयारी में कमियां दिखने लगेंगी। एक तो इंदिरा गांधी ने ही आपातकाल हटाया और उसके बाद जबरदस्त ढंग से चुनाव जीती भी थीं। दूसरे आपातकाल के दौरान संघ परिवार और भाजपा की पूर्ववर्ती पार्टी, जनसंघ का खुद का रिकार्ड भी संदेहास्पद है। उसके काफी लोग माफी मांग कर जेल से बाहर आए थे। फिर इंदिरा गांधी और उनके पुत्र राजीव गांधी की जिस तरह से शहादत हुई और उन सबके बीच भी कांग्रेस ने चुनावी हार-जीत हासिल की, लोकतान्त्रिक प्रक्रिया को नहीं छोड़ा वह रिकार्ड सबके सामने है। और इन पचास वर्षों में काफी पानी बह चुका है और कल जिन लोगों ने आपातकाल के चलते जेल सहा, लाठी-गोली खाई उसमें से अधिकांश या उनके राजनैतिक वारिस आज इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं या भाजपा से दूर हो चुके हैं।

फिर इन पचास वर्षों में भाजपा को आपातकाल की ऐसी याद कभी न आई, यह सवाल भी है। और इन पचास सालों में देश में आई दो पीढ़ियों को उसकी याद कितनी है और अब कितनी महत्वपूर्ण लगेगी यह सवाल भी बना ही हुआ है। इन्हीं लोगों से आज देश का बहुमत बनता है और उनकी चिंताऐं कुछ बातों को लेकर हैं। उन्हें संविधान की या लोकतंत्र की चिंता न हों ऐसा नहीं यही लेकिन आप अपनी राजनीति के लिए कभी एक तो कभी दूसरे मुद्दे को उठाएं तो इसकी पहचान उन्हें है।

पचास साल के इतिहास का ज्ञान भी उनको है और उनके अनुभव में भी आपातकाल का असर रहा है। यह कितना गहरा या हल्का रहा है, यह आपको बताने की जरूरत नहीं है। और लोकतंत्र की इस यात्रा की लड़खड़ाहटों ने इसे सीख दी है, बेहतर करने का रास्ता दिखाया है और गिरावटों की पहचान भी बताई है। आज पहले की तरह राष्ट्रपति शासन लगाना, सरकार गिराना, पार्टियां तोड़ना, दलबदल कराना असंभव है। वह खेल नए रूप में शुरू हुआ है यह सबको दिख रहा है। कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी भी हाल के वर्षों में अपने अत्यधिक क्रांतिकारी वामपंथी सलाहकारों की राय मानकर संघ और सावरकर के सवाल को अलग-अलग ढंग से उठाकर भाजपा और संघ परिवार को घेरने की कोशिश करते हुए एक 'फर्जी किस्म की बहस' में फंसते रहे हैं।

## सावन में व्रत के दौरान खाएं ये चीजें, नहीं आएगी कमजोरी

**नई दिल्ली।** सावन का महीना चल रहा है। ऐसे में शिवभक्त अपने-अपने हिसाब से भगवान भोले को खुश करने में लगे हुए हैं। कई भक्त उपवास रखकर सावन का महीना मनाते हैं। मगर, क्या आप जानते हैं कि ऐसे में व्रत के दौरान लोगों को चक्कर आना, कमजोरी जैसी समस्याएं आ सकती है। अक्सर व्रत के दौरान लोगों को कमजोरी का अनुभव होने लगता है। ऐसा इसलिए होता है कि हम अपने भोजन में ऐसी चीजें शामिल करना भूल जाते हैं, जो हमें पूरे दिन एनर्जी देती है। हालांकि, उपवास धार्मिक कारणों के साथ-साथ शरीर के लिए भी फायदेमंद होता है। न्यूट्रिशनिस्ट सोनिया शर्मा ने आईएएनएस को बताया, "फास्टिंग करना शरीर के लिए हर तरीके से फायदेमंद है। फास्टिंग के बारे में कहा जाता है कि यह आध्यात्मिक रूप से तो शरीर के लिए बेहतर होता ही है, शरीर की गंदगी को भी साफ करता है। वैसे तो हर व?यक्ति को सप?ताह में एक बार फास्टिंग जरूर करनी चाहिए। फास्टिंग में कहा जाता है कि आप सात्विक भोजन ही लें, इसके पीछे यह कारण है कि इससे आपका ऑरा क?लीन रहता है, जिससे आपका मन सकारात?मक चीजों में लगा रहता है। फास्टिंग मेडिटेशन में भी मदद करती है।"उन्होंने कहा, "उपवास कई तरह के होते हैं, जो केवल जल, फल या एक समय का भोजन रखकर भी किए जाते हैं। यह सभी तरह की फास्टिंग शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद रहती है। फास्टिंग के दौरान शरीर आराम कर रहा होता है। ऐसे में डिटॉक्स होने के साथ शरीर हमारी आंत की सफाई कर रहा होता है। फास्टिंग हमें कई खतरनाक बीमारियों से भी बचाती है, जिसमें हाई कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग, हाई बीपी जैसी बीमारियां शामिल हैं।"फास्टिंग में आपको कमजोरी का अनुभव नहीं हो इसके लिए सोनिया शर्मा ने बताया, "ऐसे में आपको फल, बादाम, अंजीर, अखरोट और मखाने जैसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। इसके साथ 'बनाना शेक' भी आपको पूरे दिन एनर्जी देगा। प्रोटीन और कैल्शियम की कमी को दूर करने के लिए दूध और डेयरी से बनी चीज खाना सही है।"

# प्रभात झा पत्रकारिता एवं राष्ट्रवादी सोच के पुरोधा-पुरुष

-ललित गर्ग-

पत्रकारिता के एक महा- पुरोधा पुरुष, मजबूत कलम एवं निर्भीक वैचारिक क्रांति के सूत्रधार, उत्कृष्ट राष्ट्रवादी, भाजपा के नेता और भाजपा मुखपत्र ह्यकमलह्न के मुख्य सम्पादक प्रभात झा अब हमारे बीच नहीं रहे। वे 67 वर्ष की उम्र में 26 जुलाई, 2024 को प्रातः 5 बजे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में जिन्दगी एवं मौत के बीच जूझते हुए हार गये, आखिर मौत जीत गयी। एक संभावनाओं भरा हिन्दी पत्रकारिता, स्वच्छ राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल पत्रकारिता के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। प्रभात झा का जीवन सफर आदर्शों एवं मूल्यों की पत्रकारिता की ऊंची मीनार है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है।



प्रभात झा पत्रकार, लेखक स्तंभकार रहे हैं, वही उनका राजनीति जीवन भी प्रेरक रहा हैं। वे मध्य प्रदेश राज्य से राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। वे 2010 से दिसंबर 2012 तक मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे। यही वो दौर रहा जिसमें मध्यप्रदेश में भाजपा की जमीन गहरी हुई। वर्तमान में वे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। झा का जन्म 4 जून 1957 को हरिहरपुर, दरभंगा जिला, बिहार में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा ग्वालियर, मध्य प्रदेश से की। यहां के पीजीवी कॉलेज से उन्होंने बीएससी, माधव कॉलेज से राजनीति शास्त्र में एमए और एमएलबी कॉलेज से एलएलबी की डिग्री ली। उनके करीबियों का कहना है कि वह शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से खास जुड़ाव रखते थे। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत पत्रकारिता से की। स्वदेश अखबार में भी लंबे समय तक जुड़े रहे। झा की शादी रंजना झा से हुई है और उनके दो बेटे तुष्मुल और आयत्न हैं। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे प्रभात झा से मिलने के अनेक अवसर मिले, 85 नार्थ एवेन्यू में सुखी परिवार फाउण्डेशन के अस्थायी कार्यालय से सटा हुआ उनका आवास था। सुखी परिवार अभियान के प्रणेता आदिवासी संत गणि राजेन्द्रविजयजी के पास वे अक्सर आ जाते एवं उनसे लम्बी राष्ट्र-विकास एवं समाज-निर्माण की चचाएं होती रहती थी। राजधानी के कंस्टीट्यूशनल क्लब में सुखी परिवार फाउंडेशन द्वारा आयोजित ह्यदिव्य भारत के निमार्ता मोदीह्न विषयक डॉ. अविनाश काटे द्वारा कैनवास पर ऐक्रेलिक रंगा से हस्तनिर्मित 75 भावचित्रों की प्रदर्शन एवं पुस्तक का उद्घाटन उन्होंने किया। इस कार्यक्रम का संयोजन मुझे करने का मौका मिला। वे सुखी परिवार फाउण्डेशन के कार्यक्रमों से अत्यंत प्रभावित थे और इसको आगे बढ़ाने एवं आदिवासी कल्याण के लिये सुझाव देते रहते थे। प्रभात झा जितने सफल जननायक थे उतने ही प्रखर लेखक थे। उन्हें निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक राजनैतिक टिप्पणियों के लिये जाना जाता रहा है। उनको पढ़ने वाले लोगों की संख्या लाखों में है और अपने निर्भीक लेखन से वे काफी लोगों के चहेते थे। उन्होंने पत्रकारिता में उच्चतम मानक स्थापित किये। वे न केवल अपने वैचारिक आलेखों के जरिये राष्ट्र की ज्वलंत समस्याओं को सशक्त तरीके से प्रस्तुति देते रहे बल्कि गरीबों, अभावग्रस्तों, पीड़ितों और मजलूमों की आवाज बनते रहे। अपनी कलम के जरिये उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलम जब भी चली उन्होंने लाखों लोगों की समस्याओं को सरकारों और प्रशासन के सामने रखा और भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था को और मजबूत बनाने में योगदान दिया। प्रभात झा को हम भारतीयता, पत्रकारिता एवं भारतीय राजनीति का अक्षयकोष कह सकते हैं, वे चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे तो गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, निडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। वे एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व थे, जिन्हें पत्रकार जगत का एक यशस्वी योद्धा माना जाता है। उन्होंने आमजन के बीच, हर जगह अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। लाखों-लाखों की भीड़ में कोई-कोई प्रभात झा जैसा विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति जीवन-विकास की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों-परीक्षणों से गुजर कर महानता का वरण करता है, विकास के उच्च शिखरों पर आरूढ़ होता है और अपनी मौलिक सोच, कर्मठता, कलम, जिजीविषा, पुरुषार्थ एवं राष्ट्र-भावना से समाज एवं राष्ट्र को अभिप्रेरित करता है। उन्होंने आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के लिये कई नए अभिनव दृष्टिकोण, सामाजिक सोच और कई योजनाओं की शुरूआत की। देश और देशवासियों के लिये कुछ खास करने का जज्बा उनमें कूट-कूट कर भरा था। वे समाज के लिये पूरी तरह समर्पित थे।

प्रभात झा एक ऐसे जीवन की दास्तान है जिन्होंने अपने जीवन को बिन्दु से सिन्धु बनाया है। उनके जीवन की दास्तान को पढ़ते हुए जीवन के बारे में एक नई सोच पैदा होती है। जीवन सभी जीते हैं पर सार्थक जीवन जीने की कला बहुत कम व्यक्ति जान पाते हैं। प्रभातजी के जीवन कथानक की प्रस्तुति को देखते हुए सुखद आश्चर्य होता है एवं प्रेरणा मिलती है कि किस तरह से दूषित राजनीतिक परिवेश एवं आधुनिक युग के संकुचित दृष्टिकोण वाले समाज में जमीन से जुड़कर आदर्श जीवन जिया जा सकता है, आदर्श स्थापित किया जा सकता है। और उन आदर्शों के माध्यम से देश की पत्रकारिता, राजनीति, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैयक्तिक जीवन की अनेक सार्थक दिशाएँ उद्घाटित की जा सकती हैं। उन्होंने व्यापक संदर्भों में जीवन के सार्थक आयामों को प्रकट किया है, वे आदर्श जीवन का एक अनुकरणीय उदाहरण हैं, मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता, समाजसेवा एवं राजनीति को समर्पित एक लोककर्मी का जीवनवृत्त है। उनके जीवन से कुछ नया करने, कुछ मौलिक सोचने, पत्रकारिता एवं राजनीति को मूल्य प्रेरित बनाने, सेवा का संसार रचने, सद्प्रवृत्तियों को जागृत करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रभात झा वर्तमान भारतीय राजनीति के कद्दावर नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुरदर्शिता भरी नीतियों से प्रभावित थे और भाजपा मुखपत्र ह्यकमलह्न के माध्यम से सशक्त भारत, विकसित भारत की नीतियों को बल देने के लिये वैचारिक धरातल तैयार किया। वे एक राजनीतिज्ञ के रूप में सदा दूसरों से भिन्न रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। वे जितने उच्च नैतिक-चारित्रिक राजनेता एवं पत्रकार थे, उससे अधिक मानवीय एवं सामाजिक थे। वे हमेशा बेपरवाह और निश्चिन्त दिखाई पड़ते थे, प्रायः लोगों से घिरे रहते थे और हंसते-हंसाते रहते थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता एवं राष्ट्रीयता की गहराई ये जुड़े थे और उस पर वे अटल भी रहते थे। किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाता। वे हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है।

भारतीय राजनीति की बड़ी विडम्बना रही है कि आदर्श की बात सबकी जुबान पर है, पर मन में नहीं। उड़ने के लिए आकाश दिखाते हैं पर खड़े होने के लिए जमीन नहीं। दर्पण आज भी सच बोलता है पर सबने मुखौटे लगा रखे हैं। ऐसी निराशा, गिरावट व अनिश्चितता की स्थिति में प्रभातजी ने राष्ट्रीय चरित्र, उन्नत जीवन शैली और स्वस्थ राजनीति प्रणाली के लिए बराबर प्रयास किया। वे व्यक्ति नहीं, नेता नहीं, बल्कि विचार एवं मिशन थे। प्रभात झा को एक सुलझा हुआ और कद्दावर नेता, जनसेवक एवं पत्रकार माना जाता रहा है। उनका निधन एक आदर्श एवं बेबाक सोच की पत्रकारिता का अंत है। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे।

प्रभातजी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, प्रखर पत्रकार, लेखक, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे गहरे मानवीय सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ व्यक्तित्व थे। बेशक प्रभातजी अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने सफल लेखक-पत्रकार जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय पत्रकारिता एवं हिन्दी साहित्य के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे।


**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**


## सत्ता के खेल और तिकड़में

सरकार बनाये रखने या चुनाव जीतने के लिये भारतीय जनता पार्टी किस प्रकार से हथकंडे अपनाती है, इसका एक और उदाहरण महाराष्ट्र में देखने को मिला है जहां पूर्व मंत्री अनिल देशमुख ने आरोप लगाया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने उन पर दबाव डाला था कि वे शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनके पुत्र आदित्य ठाकरे, नेशनल कांग्रेस पार्टी के अजित पवार और पूर्व परिवहन मंत्री अनिल परब को फंसाने वाले हलफनामे पर हस्ताक्षर कर दें जिसके लिये उन्होंने मना कर दिया था।

यह तब की बात है जब राज्य में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना, एनसीपी तथा कांग्रेस की सरकार चल रही थी। भारतीय जनता विपक्ष में थी। देशमुख के अनुसार एक मध्यस्थ के माध्यम से उनके पास यह संदेश आया था। वह मुलाकात एक होटल में हुई थी जिसमें उन्हें प्रस्ताव दिया गया था कि अगर देशमुख ऐसा करते हैं तो उन्हें उनके खिलाफ चल रहे मामले में राहत मिल जायेगी। देशमुख के अनुसार उन्होंने इस प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया था। उल्लेखनीय है कि देशमुख ने इसी सरकार में गृह मंत्री के पद से अप्रैल, 2021 में इस्तीफा दे दिया था क्योंकि उन पर मुंबई के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह द्वारा आरोप लगाया गया था कि उन्होंने उनसे कहा था कि पुलिस वालों से वे शहर भर के होटलों व बार मालिकों से हफ्ता वसूली के लिये कहें। देशमुख अब एनसीपी (शरद पवार) के नेता हैं

यह मामला इसलिये उठा है क्योंकि बुधवार को फडनवीस ने आरोप लगाया है कि उद्धव ठाकरे और शरद पवार के खिलाफ अनिल देशमुख बातें करते रहे हैं जिसकी वीडियो क्लिप उनके पास है। इसी के जवाब में देशमुख ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर फडनवीस को चुनौती दी कि वे कथित वीडियो क्लिप को सार्वजनिक करें। इसी सन्दर्भ में बुलाई मीडिया कांफ्रेंस में खुद देशमुख ने यह आरोप जड़ दिया। उनका आरोप है कि उनसे कहा गया था कि अगर वे ऐसा करते हैं तो उनके पीछे न ही ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) लगेगी और न ही सीबीआई।

वैसे देशमुख की इस चुनौती का जवाब भी फडनवीस की ओर से आ गया है। उन्होंने कहा कि देशमुख के खिलाफ उनकी पार्टी के ही नेता उनसे मिले थे। उन लोगों के पास उद्धव ठाकरे, शरद पवार, विवादास्पद पुलिस अधिकारी सचिन वाजे आदि के खिलाफ उनकी (देशमुख) टिप्पणियों वाले सबूत भी थे। फडनवीस ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें चुनौती दी गयी तो उनके पास वीडियो क्लिप सार्वजनिक करने के अलावा और कोई चारा नहीं रह जायेगा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि परमबीर सिंह द्वारा उन पर लगाये 100 करोड़ रुपये की वसूली वाले आरोप के मामले में देशमुख जमानत पर हैं

इस प्रकरण में जिस वीडियो क्लिप को लेकर विवाद हो रहा है, वह सार्वजनिक होती है या नहीं और क्या उस क्लिप से कुछ साबित होता है, यह तो पता नहीं लेकिन एक बात साफ है कि विरोधी दलों के नेताओं को फंसाने और स्थिर सरकारों को गिराने या डांवाडोल करने का भाजपायी खेल लम्बे अरसे से जारी है, उसकी महाराष्ट्र में गहरी जड़ें होने का एक और सबूत मिला है।

वैसे तो भाजपा ने अनेक सूबों में विरोधी दलों की सरकारों को इन्हीं तरह के दांव-पेंचों से गिराया है, लेकिन महाराष्ट्र में यह खेल बड़े पैमाने पर खेला गया था जिससे देश का लोकतंत्र शर्मसार हुआ था। याद हो कि 2022 के विधानसभा चुनावों में एक बार भाजपा की सरकार बनी थी जो बाद में पलट गयी थी। यहां एनसीपी व कांग्रेस के समर्थन से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार तो बनी थी लेकिन बाद में शिवसेना व एनसीपी को तोड़कर भाजपा ने सरकार बनाई है। शिवसेना जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में टूटी वहीं एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के भतीजे अजित ने प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल आदि के साथ अलग पार्टी बना ली थी। अजित पवार तो उप मुख्यमंत्री हैं जिनके बारे में भाजपा भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाती थी।

# प्रभात झाः लोकसंग्रह और संघर्ष से बनी शख्सियत

-प्रो.संजय द्विवेदी

यह नवें दशक के बेहद चमकीले दिन थे। उदारीकरण और भूमंडलीकरण जिंदगी में प्रवेश कर रहे थे। दुनिया और राजनीति तेजी से बदल रहे थी। उन्हीं दिनों मैं छात्र आंदोलनों से होते हुए दुनिया बदलने की तलब से भोपाल में पत्रकारिता की पढ़ाई करने आया था। एक दिन श्री प्रभात झा जी अचानक सामने थे, बताया गया कि वे पत्रकार रहे हैं और भाजपा का मीडिया देखते हैं। इस तरह एक शानदार इंसान, दोस्तबाज,तेज हंसी हंसने वाले, बेहद खुले दिलवाले झा साहब हमारी जिंदगी में आ गए। मेरे जैसे नये-नवेले पत्रकार के लिए यह बड़ी बात थी कि जब उन्होंने कहा कि" तुम स्वदेश में हो, मैं भी स्वदेश में रह चुका हूं।" सच एक पत्रकार और संवाददाता के रूप में ग्वालियर में उन्होंने जो पारी खेली वह आज भी लोगों के जेहन में हैं। एक संवाददाता कैसे जनप्रिय हो सकता है, वे इसके उदाहरण हैं। रचना,सृजन, संघर्ष और लोकसंग्रह से उन्होंने जो महापरिवार बनाया मैं भी उसका एक सदस्य था। उत्साह, ऊर्जा और युवा पत्रकारों को प्रोत्साहित कर दुनिया के सामने ला खड़े करने वाला प्रभात जी का स्वभाव उन्हें खास बनाता था। अब उनका पर्याय नहीं है। वे अपने ढंग के अकेले राजनेता थे,जिनका पत्रकारों, लेखकों, बुद्धिजीवियों से लेकर पार्टी के साधारण कार्यकताओं तक आत्मीय संपर्क था। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। फिर उसकी विचारधारा से जुड़े अखबार में रहे और बाद में भाजपा को समर्पित हो गये। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तक उनकी यात्रा उनका एकांगी परिचय है। वे विलक्षण संगठनकर्ता, अप्रतिम वक्ता और इन सबसे बढ़कर बेहद उदार व्यक्ति थे। उनके जीवन में कहीं जड़ता और कट्टरता नहीं थी। वे समावेशी उदार हिंदू मन का ही प्रतीक थे। उनका न



होना मेरी व्यक्तिगत क्षति है। वे मेरे संरक्षक, मार्गदर्शक और सलाहकार बने रहे। उनकी प्रेरणा और प्रोत्साहन ने मेरे जैसे न जाने कितने युवाओं को प्रेरित किया। उनके निधन से समाज जीवन में जो रिक्तता बनी है, उसे भर पाना कठिन है। छात्र जीवन से ही उनका मेरे कंधे पर जो हाथ था,वह कभी हटा नहीं। भोपाल, रायपुर, बिलासपुर, मुंबई मेरी पत्रकारीय यात्रा के पड़ाव रहे,प्रभात जी हर जगह मेरे साथ रहे। वे आते और उससे पहले उनका फोन आता। उनमें दुर्लभ गुरूत्वाकर्षण था। उनके पास बैठना और उन्हें सुनने का सुख भी विरल था। किस्सों की वे खान थे। भाजपा की राजनीति और उसकी भावधारा को मैं जितना समझ पाया उसमें श्री प्रभात झा और स्व.लखीराम अग्रवाल का बड़ा योगदान है। भाजपा की अंर्तकथाएं सुनाते फिर हिदायत भी देते, ये छापने के लिए नहीं, तुम्हारी जानकारी और समझ के लिए है।

मुझे नहीं पता कि प्रभात जी पत्रकारिता में ही रहते तो क्या होते। किंतु भाजपा में रहकर उन्होंने 'विचार' के लिए जगह बनाकर प्रकाशन, लेखन और मीडिया के पक्ष को बहुत मजबूत किया। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की जमीन पर भाजपा के विचार को मीडिया और बौद्धिक वर्ग में उन्होंने लोकस्वीकृति दिलाई। वे 'कमल संदेश' जैसे भाजपा के राष्ट्रीय मुखपत्र के वर्षों संपादक रहे। राज्यों में भाजपा की पत्रिकाएं और प्रकाशन ठीक निकलें , ये उनकी चिंता के मुख्य विषय थे। आमतौर पर राजनेता जिन बौद्धिक विषयों को अलक्षित रखते थे, प्रभात जी उन विषयों पर सजग रहते। वे उन कुछ लोगों में थे जिनका हर दल और विचारधारा से जुड़े लोगों से संवाद था। एक बार उन्होंने मुझसे कहा था "अपने कार्यक्रमों में सभी को बुलाएं, तभी आनंद आता है। एक ही विचार के वक्ताओं के बीच एकालाप ही होता है, संवाद संभव नहीं।" उन्होंने मेरी किताब 'मीडिया नया दौर नयी चुनौतियां' का लोकार्पण एक भव्य समारोह में किया। जिसमें माखनलाल चतुवेर्दी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रो.बीके कुठियाला, टीवी पत्रकार और संपादक रविकांत मित्तल भी उपस्थित थे। दिल्ली के अनेक मंचों पर मुझे उनका सान्निध्य मिला। उनका साथ एक ऐसी छाया रहा, जिससे वंचित होकर उसका अहसास अब बहुत गहरा हो गया है। वे हमारे जैसे तमाम युवाओं की जिंदगी में सपने जगाने वाले नायक थे। हम छोटे शहरों, गांवों से आए लोगों को वे बड़ा आसमान दिखाकर उड़ान के लिए छोड़ देते थे।

उन्होंने तमाम ऐसी प्रतिभाओं को खोजा, उन्हें संगठन में प्रवक्ता, संपादक , मंत्री, सांसद, विधायक और तमाम सांगठनिक पदों तक पहुंचने में मदद की। एक समय भाजपा के राष्ट्रीय सचिव के नाते वे बहुत ताकतवर थे। अध्यक्ष राजनाथ सिंह (अब रक्षा मंत्री) उन पर बहुत भरोसा करते थे। प्रभात जी ने इस समय का उपयोग युवाओं को जोड़ने में किया। मैं नाम गिनाकर न लेख को बोझिल बनाना चाहता हूं, न उन व्यक्तियों को धर्म संकट में डालना चाहता हूं, जो आज बहुत बड़े हो चुके हैं। भाजपा का आज स्वर्ण युग है, संसाधन, कार्यकर्ता आधार बहुत विस्तृत हो गया है। किंतु प्रभात जी बीजेपी के 'ओल्ड स्कूल' में ही बने रहे। जहां पार्टी परिवार की तरह चलती थी और व्यक्ति से व्यक्तिगत संपर्क को महत्व दिया जाता था। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ ही नहीं देश के अनेक राज्यों के कार्यकर्ता, पत्रकार,समाज के विविध क्षेत्रों में सक्रिय लोग उनसे बेहिचक मिलते थे। इस सबके बीच उन्होंने अपने स्वास्थ्य का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा। मैंने उन्हें दीनदयाल परिसर के एक छोटे कक्ष में रहते देखा है। परिवार ग्वालियर में ,खुद भोपाल में एकाकी जीवन जीते हुए। यहां भी दरवाजे सबके लिए हर समय खुले थे, जब अध्यक्ष बने तब भी। दिनचर्या पर उनका नियंत्रण नहीं था, क्योंकि पत्रकारिता में भी कोई दिनचर्या नहीं होती। मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने जिस तरह तूफानी प्रवास किया, उसने कार्यकताओं को भले खुश किया। राजपुत्रों को उनकी सक्रियता अच्छी नहीं लगी। वे षड्यंत्र के शिकार तो हुए ही, अपना स्वास्थ्य और बिगाड़ बैठे। उनका पिंड 'पत्रकार' का था, किंतु वे 'जननेता' दिखना चाहते थे। इससे उन्होंने खुद का तो नुकसान किया ही, दल में भी विरोधी खड़े किये। बावजूद इसके वे मैदान छोड़कर भागने वालों में नहीं थे। डटे रहे और अखबारों में अपनी टिप्पणियों से रौशनी बिखेरते रहे। आज जब परिवार जैसी पार्टी को कंपनी की तरह चलाने की कोशिशें हो रही हैं, तब प्रभात झा जैसे व्यक्ति की याद बहुत स्वाभाविक और मार्मिक हो उठती है।

# शाहूजी के अधूरे सपनों को साकार कर रही मोदी-योगी सरकारः आर के सिंह पटेल

## सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे शाहूजीः अविनाश चंद्र द्विवेदी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सामाजिक परिवर्तन के महानायक छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती पर रगौली इंटर कॉलेज में समारोह में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, मऊ/मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल आदि ने दीप जलाकर शाहूजी के चित्र पर माल्यार्पण किया।



शाहूजी जयंती में सम्मानित करते सांसद आदि।

शुक्रवार को जयंती समारोह में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने कोल्हापुर राज्य में शोषित, पीड़ित व वंचित वर्ग के लोगों को सत्ता में समान भागीदारी देकर सामाजिक परिवर्तन की अलख जगाई थी। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास नीति पर छत्रपति शाहूजी के सपनों को साकार कर रही है। समारोह में आईएएस, आईपीएस, पीसीएस प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने वाले युवाओं व यूपी बोर्ड परीक्षाओं में टॉप छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को सम्मानित किया। समारोह में पूर्व सांसद पटेल ने कहा कि कोल्हापुर नरेश छत्रपति शाहूजी महाराज का जीवन समाज के दबे-कुचले, शोषित, वंचितों के उत्थान के प्रति समर्पित रहा है। समतामूलक समाज की स्थापना को उन्होंने कोल्हापुर से आरक्षण की शुरुआत की थी। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने को शाहूजी महाराज ने कोल्हापुर स्टेट में देश के प्रथम महिला महाविद्यालय की स्थापना व संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को स्कॉलरशिप देकर कोलंबिया विश्वविद्यालय भेजने का कार्य किया था। आईएएस परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले आईएएस अर्पित यादव के परिजनों, आईपीएस बने विजय सिंह व प्रभुदयाल को सम्मानित किया। यूपी बोर्ड परीक्षा में टाप आये यमुना प्रसाद, कार्तिक गुप्ता, नैतिक सिंह, दीपा सिंह, खुशी, हर्षिता सिंह, काव्या रघुवंशी, पूजा देवी, प्रियंका देवी, शिवम चैरसिया, अजय पांडेय, अभिषेक कुमार को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता आरडी सिंह, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सुनील सिंह पटेल, सुशील सिंह पटेल, राजकुमार त्रिपाठी, रवि गुप्ता, प्रदीप सिंह, सुरेश अगुरागी, समाजसेवी दीपक सिंह पटेल, अभिलाष सिंह, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालन श्रीकेशन ने किया। विद्यालय की छात्राओं के पेश सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण बने रहे।

## कारगिल शहीदों की याद में निकला मशाल जुलूस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा युवा मोर्चा ने राष्ट्रीय, प्रदेश व क्षेत्रीय नेतृत्व आवाहन पर कारगिल विजय दिवस की 25वीं बरसी पर जिला मुख्यालय में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हीरो मिश्रा की अगुवाई में मशाल जुलूस निकाला।



मशाल जुलूस निकालते भाजपाई।

गुरुवार को देर शाम कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर मशाल जुलूस शहीद पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य चैराहों से होते हुए शहीद पार्क पर समाप्त हुआ। मशाल जुलूस में भारत माता की जय, वन्दे मातरम, वीर शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिन्दुस्तान नारे गुंजायमान होते रहे। मशाल जुलूस में पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चन्द्र प्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, अश्विनी अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी समेत जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी व मोर्चा पदाधिकारी शामिल रहे। मशाल जुलूस बाद शहीद स्तम्भ पर बलिदानी शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी।

मशाल जुलूस में राजेश जायसवाल, आनंद पटेल, महेन्द्र कोटार्य, प्रमेन्द्र सिंह, अखिलेश, बच्चन त्रिपाठी, संजय पाण्डेय, अभिषेक ओझा, भगवानदीन, जगदीश गौतम, देवकीनन्दन, लवलेश निषाद, दीपक, राघव, उज्ज्वल, दशरथ, प्रेमलाल, रामकिशोर प्रजापति आदि मौजूद रहे।


## गुटखा के अवैध कारोबारी सक्रिय

**चित्रकूट।** जिले में अवैध तंबाकू युक्त गुटखा बनाने का बडा कारोबार डेविड नामक व्यक्ति कर्वी गंगाजी रोड कर रहा है। वह किस्मत तथा केशव नामक गुटखा बनाकर लोगों के बीच कैंसर बांट रहा है। चकरेही चैराहा के लक्ष्मी साहू भी उधार तथा जलवा नामक तंबाकू युक्त गुटखा बनाकर बेंच रहा है। खाद्य अधिकारी व सेल टैक्स की मिलीभगत से जिला मुख्यालय में अवैध कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। कोतवाली कर्वी पुलिस भी सब कुछ जानकर अंजान बनी है।

## अमित ने पहाडी कस्बे का बढाया गौरव

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** गेट परीक्षा पास कर गणित विभाग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर मे डेटा साइंस में प्रवेश पाने वाले अमित कुमार वर्मा पुत्र अजय कुमार पहाड़ी के परिजन गौरवान्वित हैं। शुक्रवार को अमित वर्मा ने हाईस्कूल 2017 में 86 फीसदी, इंटरमीडिएट 2019 में 73 फीसदी अंकों से पास कर जेईई मेन्स परीक्षा 2020 पास कर मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय गोरखपुर कम्प्यूटर साइस से बीटेक, एमटेक बाद गेट परीक्षा 2024-25 में पासकर आईआईटी जोधपुर जाकर गांव समेत पहाड़ी व जिले का नाम रोशन किया। अमित



अमित कुमार।

कुमार वर्मा के पिता अजय कुमार पहाड़ी में बैटरी दुकान/किसानी करते हैं। माता फूल कुमारी ग्रहणी है। भाई अरविन्द आईआईटीएन है। दिल्ली में जाब कर रहा है।

# डीएम ने मांगे मातहतों से बाहरी/अनाधिकृत के कार्य करने के प्रमाण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि शासन के निर्देश पर मातहत कार्यालय का निरीक्षण कर इस बात के प्रमाण पत्र मांगे हैं कि सरकारी कार्यालयों में कोई बाहरी/अनाधिकृत से शासकीय कार्य न लिये जायें। जिलाधिकारी ने एसडीएम/प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय मो जसीम, खनिज कार्यालय, डूडा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन आदि का निरीक्षण कर प्रमाण पत्र मांगे।



कार्यालय में जांच करते डीएम।

गुरुवार को देर शाम डीएम ने कलेक्टेट्रट स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर पूंछा कि कार्यालय में बाहरी/अनाधिकृत व्यक्ति से शासकीय कार्य तो नहीं लिये जा रहे- कोई नहीं मिला। कार्यालय परिसर में साफ- सफाई व्यवस्था व पत्रावलियों के रख-रखाव के निर्देश दिये। सीडीओ अमृतपाल कौर ने विकास भवन में स्थित कार्यालयों व संयुक्त जिला अस्पताल का निरीक्षण कर बाहरी/अनाधिकृत व्यक्ति से शासकीय कार्य लेने की जांच की। उन्हें भी कोई नहीं मिला। इसी प्रकार एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम ने बीएसए कार्यालय, सीएमओ कार्यालय, विद्युत विभाग, कर्वी व मानिकपुर का निरीक्षण कर जांचा कि कोई बाहरी/अनाधिकृत व्यक्ति कार्य करते नहीं मिला। एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद ने तहसील कर्वी, एआरटीओ कार्यालय चित्रकूट व विद्युत कार्यालय का निरीक्षण कर बाहरी/अनाधिकृत व्यक्ति के कार्य करने की जांच की।

### बाहरी/अनाधिकृत की जांच है औपचारिकता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अधिकारियों ने कल देर शाम जिन कार्यालयों व विभागों में बाहरी/अनाधिकृत लोगों की कार्य करने की जांच की है, वह जांच महज औपचारिकता रही। ज्यादातर कार्यालयों में बाहरी/अनाधिकृत लोग अभी भी काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता नहीं दिखाया गया। ये लोग ही सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। ऐसे बाहरी व अनाधिकृत लोगों के विभागों में कार्य करने से भाजपा लोकसभा चुनाव हारी है। सही ढंग से कार्यालयों की जांच की जाये तो डीएम की नाक के नीचे एडीएम कार्यालय में बाहरी व्यक्ति कार्य करते मिलेंगे।

# पुलिस हिरासत से फरार चोर पुलिस ने दबोचा

## चोरी की कई घटनाओं का खुलासा, लाखों के माल समेत तमंचा-बाइक बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एसओजी टीम ने पुलिस हिरासत से फरार चोर को लाखों के माल व तमंचा तथा घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 25 जुलाई को मो सईम पुत्र मो हकीम कालूपुर ने रिपोर्ट लिखाई कि 10/11 अप्रैल को रात 12 बजे अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर चुरा ले गये। पुलिस ने एसओजी/सर्विलांस टीम व कोतवाली कर्वी के दरोगा अनिल कुमार मिश्रा की टीम



पुलिस गिरफ्त में माल समेत चोर।

को जांच सौंपी। टीम ने 24 जुलाई को बघौड़ा तालाब के पास से शिवबली पुत्र राजकुमार मनकुंवार थाना मऊ को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से बैग में सोने-चांदी के जेवर, तमंचा-कारतूस समेत बुलेट मोटरबाइक बरामद की। पूंछतांछ में चोर ने बताया कि कालूपुर पाही, 22 मई को पूमावि लालापुर, 15 मई को पहरा से साथी बबलू पासी पुत्र प्रेमनारायण मनकुंवार के साथ चोरी की थी।

25 जुलाई को चोर शिवबली सवेरे साढे चार बजे कोतवाली कर्वी से पुलिस हिरासत से फरार हो गया था। इस बाबत मामला कोतवाली कर्वी में दर्ज हुआ था। एसओजी प्रभारी व कोतवाल ने 17 घंटे के अन्दर फरार चोर को दबोच लिया। टीम में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, सिपाही रोहित सिंह, गोलू भार्गव, पवन राजपूत, ज्ञानेश मिश्रा व कोतवाली कर्वी के कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, दरोगा अनिल कुमार मिश्रा, दरोगा प्रभुनाथ सिंह, दीवान साबीर हुसैन, सिपाही राहुल देव शामिल रहे। चोर शिवबली पर विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## हादसा आरोपी को हुआ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार प्रदीप कुमार की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी को 16 सौ रुपये के जुर्माना से दंडित किया। शुक्रवार को अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार यादव की प्रभावी बहस के चलते न्यायाधीश सिविल जज (जूडि) श्रीमती शैफाली यादव ने कोतवाली कर्वी में दर्ज हादसे के आरोपी रज्जन यादव पुत्र ननकावन गौबरौल थाना राजापुर को 16 सौ रुपये जुर्माना से दंडित किया।

# करोडों का स्वामी बना लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता

## निलम्बित लेखपाल के कारनामों की जांच की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील क्षेत्र के किहुनिया में तैनात निलम्बित लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता पर लोगों ने सवाल उठाये हैं कि लेखपाल का निलम्बन तो हो गया, लेकिन उसके कारनामों की जांच कब होगी। लेखपाल ने निलम्बन के पहले भू-माफियाओं से जमीनों की खरीद-फरोख्त में करोडों रुपये कमाये हैं। आदिवासी कोलों की जमीनों की नाप में हेरफेर की है।

निलम्बित लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता पर क्षेत्रवासियों ने उठाये सवाल में कहा है कि लेखपाल ने भू-माफियाओं को किसानों की जमीन की गलत नाप की है। उसने भू-माफियाओं से करोडों रुपये कमाये हैं। इसके कारनामों की जांच कर बर्खास्त किया जाये। जितनी गलत जमीनों की नाप हुई है और जिन कोलों की जमीनों के एग्रीमेन्ट हुए हैं- सब रद्द किये जायें। लेखपाल से पूंछताछ कर भू-माफियाओं को चिन्हित कर कार्यवाही की जाये।

निलम्बित लेखपाल के दलालों को भी चिन्हित कर कार्यवाही की जाये। जो आदिवासी कोलों को फंसाकर व लालच देकर लेखपाल के पास लाते थे, फिर लेखपाल जमीनों में हेराफेरी करता था। ऐसे लोगों पर भी कार्यवाही की जाये। लेखपाल के खिलाफ कायदे से जांच हो तो उसकी सम्पत्ति के करोडों का ब्यौरा मिलेगा। साथ ही उसकी बर्खास्तगी लोग तय मान रहे हैं।

# पति से तंग महिला ने दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने के रुपौली गांव में निषाद परिवार की महिला ने गृह कलह से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की ये घटना शुक्रवार को सवेरे चार बजे हुई। बताया गया कि रुपौली के पवन निषाद की पत्नी मीना (32) ने गृह कलह व पति की प्रताड़ना से तंग आकर घर के अंदर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति पवन निषाद ने 23 जुलाई को मारपीट की थी। मृतका ने थाना राजापुर में शिकायत दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने पति को धारा 170 के तहत जेल भेजा था। जमानत पर आने पर दोबारा मीना की पिटाई की थी। मीना अपनी छोटी बहन पुष्पा के यहां राजापुर में रुकी थी। 25 जुलाई को पति पवन घर ले गया था। 26 जुलाई को सवेरे चार बजे मीना ने आत्महत्या कर ली। मृतका की छोटी बहन पुष्पा ने थाना राजापुर में तहरीर देकर कहा है कि बड़ी बहन मीना ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। बड़ी बहन के चार पुत्रियां व एक पुत्र है। दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने घटना स्थल पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## ऐतिहासिक-पौराणिक स्थलों की ईओ भेजें फोटोः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कैम्प कार्यालय में नगर निकाय कार्यो की समीक्षा बैठक में 15वें वित्त आयोग से कराये कार्यों के भौतिक व वित्तीय प्रगति पर चर्चा कर कहा कि अस्थाई गौशालाओं को शासन को मांग पत्र भेजें, ताकि गौशाला में अतिरिक्त गौवंश संरक्षित हो सके। गुरुवार को देर शाम कैम्प कार्यालय में डीएम ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए आदर्शनगर योजना से धनुष चैराहा से पटेल तिराहा तक रोड लाइट व सुन्दरीकरण बाबत कहा कि फुटपाथ पर वेंडिंग जोन बनायें, ताकि गाड़ियां रोड पर न खडी हो सकें। हादसे से बचा जा सके। सभी ईओ को निर्देश दिये कि जिले बाबत प्रोजेक्ट के प्रस्ताव भेजें, ताकि आगे कार्यवाही हो सके। ईओ से कहा कि जो कार्य अधूरे हैं, जल्द पूरा करें। पं दीनदयाल योजना से उपवन बनाने को निर्देश दिये। बंदन योजना बाबत ईओ को निर्देश दिया कि जिन नगर पंचायत, नगर पालिका में ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक स्थल है, उन्हें चिन्हित कर फोटोग्राफ भेजें, ताकि सुन्दरीकरण कराया जा सके। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, एसडीएम मोहम्मद जसीम, एक्सईएन जल निगम डीके सत्संगी समेत ईओ मौजूद रहे।

## 29 जुलाई तक मिलेगा खाद्यान्नः डीएसओ

**चित्रकूट।** डीएसओ आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत माह जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न के वितरण की तिथि 29 जुलाई तक विस्तारित की है। 29 जुलाई तक ई-पॉश मशीन से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। मोबाइल ओटीपी से वितरण की सुविधा 24 जुलाई के साथ 29 जुलाई तक रहेगी। 29 जुलाई तक कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त करने की सुविधा रहेगी।

## किसके इशारे पर हुआ आपराधिक व्यक्ति का चयन

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के नागर गांव में शासनादेशों को दरकिनार कर आपराधिक प्रवृत्ति के पंचायत सहायक का चयन किया गया है। शुक्रवार को शासनादेश है कि कम डाटा इंट्री ऑपरेटर पद पर स्वच्छ छवि के व्यक्ति का चयन होना चाहिए। ग्राम पंचायत नागर में अधिकारियों की मिलीभगत से आपराधिक प्रवृत्ति के विनोद पुत्र बडकू का चयन ग्राम विकास अधिकारी जगदीश पटेल में किया है। सूत्र बताते हैं कि इस पर कई संगीन धाराओं में मानिकपुर थाने में मामले दर्ज हैं। आखिर ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति का चयन किसके इशारे पर हुआ है। ये एक बडा सवाल है।

# खंड शिक्षाधिकारियों पर खफा हुए डीएम

## 19 बिन्दुओं पर की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति व निपुण भारत की जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में 19 पैरामीटर्स के तहत कार्यों पेयजल, बालक/बालिका शौचालय, मिड-डे-मील, निपुण विद्यालय आंकलन, निपुण भारत, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रगति रिपोर्ट, रनिंग वाटर इन टॉयलेट, शौचालय का



निर्देश देते डीएम।

टाइलीकरण, रसोईघर, मल्टीपल हैण्डवॉश, रैम्प समेत दिव्यांग शौचालय, विद्युत उपकरण, विद्युत कनेक्शन आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की।

शुक्रवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि जहां छात्र-छात्राओं का पंजीयन है। उपस्थित 50-60 फीसदी है। उनकी कार्य योजना बनायें। शत-प्रतिशत हाजिरी करायें। उन्होंने खंड शिक्षाधिकारियों से शत-प्रतिशत स्कूलों की हाजिरी बाबत जानकारी ली। निपुण विद्यालय आंकलन बाबत सभी खंड शिक्षाधिकारी से जानकारी ली। कितने विद्यालय हैं, जहां टीचर सही से नहीं पढाते। उन पर क्या कार्रवाई हुई। सही उत्तर न मिलने पर डीएम ने खंड शिक्षाधिकारियों पर नाराजगी जताई। मनोयोग से कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि मिड-डे-मील में प्रयुक्त खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता व स्वच्छता होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीएसए बीके शर्मा समेत खंड शिक्षाधिकारी व बीडीओ मौजूद रहे।

# अंधाधुंध कटौती से पेयजल संकट गहराया

## विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सो रहे कुम्भकर्णी नींद

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अंधाधुंध बिजली कटौती से पेयजल समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। पानी को लोग दर-दर भटक रहे हैं। सवेरे होते ही हैण्डपम्पों में भारी भीड़ जमा हो जाती है। नगर पंचायत ने टैंकरों से वार्डों में पानी की आपूर्ति की जाती है, जो ऊंट के मुंह में जीरा है।

शुक्रवार को प्रदेश सरकार की घोषणा अनुसार 22 घंटे शहरी क्षेत्र में विद्युत देने के कड़े निर्देश हैं। राजापुर कस्बे में अंधाधुंध कटौती से आंख मिचैली से जल संस्थान पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि सरकार के 22 घंटे विद्युत आपूर्ति के निर्देश हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी- कर्मचारी के मनमानी रवैय्ये से कस्बे के उपभोक्ताओं को दस घंटे विद्युत आपूर्ति मिल रही है। उसमें भी लो- वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। कई बार जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन से



पेयजल को परेशान कस्बावासी।

शिकायत की गई है। विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी पर आदेशों का कोई असर नहीं होता। नगर पंचायत टैंकरों से हर रोज दो वार्डों में पानी पहुंचा रही है। ये पानी ऊंट के मुंह में जीरा है। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष/ वार्ड मेम्बर शंकरदयाल जायसवाल ने कहा कि विद्युत कटौती से लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। हैण्डपम्पों के चक्कर काट रहे हैं। यमुना नदी के किनारे हनुमानगंज, रुपौलिहन टोला, केवटरहा, तुलसी नगर, कृष्णा नगर, कारखाना, गयागंज, धोबीगंज, माधवगंज के लोग यमुना नदी के प्रदूषित पानी को पीने को मजबूर हैं। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री राकेश नामदेव ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता के तबादले के बाद विद्युत की समस्या पैदा हुई है। मऊ/मानिकपुर विधायक को शिकायती पत्र दिया गया है। अधिशाषी अभियन्ता को विधायक ने निर्देश दिये हैं। कस्बावासियों ने कहा कि विद्युत कटौती में सुधार न हुआ तो विद्युत उपखण्ड राजापुर कार्यालय का घेराव कर आन्दोलन किया जाएगा।

# विदेश संदेश

## पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन से पहले फ्रांस के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क पर हमला



**पेरिस:** पेरिस ओलंपिक 2024 की शुरूआत 26 जुलाई 2024 गुरुवार से हो रही है. फ्रांस की राजधानी पेरिस में खिलाड़ियों का जमावड़ा लग चुका है. इसके साथ ही सीन नदी पर ऐतिहासिक ओलंपिक सेरेमनी की तैयारी भी पूरी कर ली गई है. इस बीच समारोह के उद्घाटन से कुछ घंटे पहले की फ्रांस की हाई स्पीड रेलवे लाइनों पर हमला हो गया है. इस हमले ने रेलवे की सबसे बीजी मार्ग को बाधित कर दिया है. इस वजह से कई सारी ट्रेनें जहां की तहां खड़ी रह गईं।

वहीं, इस हादसे की वजह से ओलंपिक शुरू होने से पहले पेरिस में रेल ट्रैफिक बुरी तरह से बाधित हुआ है. फ्रांस की राष्ट्रीय रेल कंपनी S.N.C.F ने शुक्रवार को एक बयान जारी इस घटना की जानकारी दी.

डीडब्ल्यू ने कहा कि फ्रांसीसी रेलवे ऑपरेटर एसएनसीएफ ने अपने कई हाई-स्पीड ट्रेन मार्गों पर बर्बरता की घटनाओं की सूचना दी है. स्थानीय मीडिया ने बताया कि देश के पश्चिम, उत्तर और पूर्व की ओर जाने वाली लाइनों पर टीजीवी हाई-स्पीड रेल नेटवर्क बाधित हो गया, जिससे कुछ खंडों पर सेवा बंद हो गई, जिससे देरी हुई.

देश के परिवहन मंत्री पैट्रिस वर्गीर्टे ने एक्स पर कहा कि कल रात कई टीजीवी लाइनों को निशाना बनाकर समन्वित दुर्भावनापूर्ण कार्य किए गए और इस सप्ताहांत तक यातायात को गंभीर रूप से बाधित किया जाएगा. मैं इन आपराधिक कार्रवाइयों की कड़ी निंदा करता हूं, जो कई फ्रांसीसी लोगों की छुट्टियों के प्रस्थान को प्रभावित करेंगे. यातायात की स्थिति को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए पुल पर मौजूद #रठउऋ टीमों को बहुत-बहुत धन्यवाद. वहीं, देश के खेल मंत्री एमिली ओडेया-कास्टेरा ने हमलों की निंदा की. वहीं, रेल ऑपरेटर एसएनसीएफ ने कहा कि अटलांटिक, उत्तर और पूर्व क्षेत्र में ट्रेन यातायात बाधित हो गया है. ऑपरेटर ने एक बयान में कहा कि यह स्थिति कम से कम पूरे सप्ताहांत तक बनी रहनी चाहिए, जब तक मरम्मत का काम चल रहा है.

## अमेरिका: भारतीय मूल के शख्स पर 10 लाख डॉलर की लॉटरी टिकट को हड़पने का आरोप



**न्यूयॉर्क :** एक भारतीय मूल के व्यक्ति पर न्यूयॉर्क में 10 लाख डॉलर के जीते हुए लॉटरी टिकट को जालसाजी से हड़पने का आरोप है. रदरफोर्ड काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि मीर पटेल (23) को सोमवार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया. टिकट खरीदने वाले को उसके जीतने की जानकारी दे दी गई है. लॉटरी टिकट की कथित तौर पर चोरी टेनसी स्टेट के मुर्फ्रीसबोरो में पेट्रोल पंप में हुई थी, जहां पटेल काम करता था।

एक समाचार पत्र के अनुसार, जब लॉटरी टिकट खरीदने वाले व्यक्ति ने उससे स्कैन करके यह जांचने के लिए कहा कि कुछ जीता है या नहीं, तो उसने कथित तौर पर कहा कि बहुत कम राशि जीती है. जिसके बाद उसने ग्राहक को कम राशि दे दी और और कूड़े में फेंक दिया. रिपोर्ट के अनुसार, जब वह व्यक्ति स्टोर से चला गया तो पटेल ने लॉटरी के टिकट को कूड़ेदान से बाहर निकाला. छिपे हुए हिस्से को खरोंच कर टिकट पर लिखी जीत की राशि ढूंढी और उसे लॉटरी दफ्तर ले गया लेकिन कर्मचारियों को कुछ संदेह हुआ। जांचकर्ता विक डोनोहो के अनुसार, "लॉटरी के जांचकताओं ने पेट्रोल पंप के कैमरों में लगे वीडियो फुटेज लिए. जिसमें दिखाया गया है कि वह कूड़ेदान से टिकट उठाता है और "टिकट के सामने वाले हिस्से को खरोंचने के बाद स्टोर में जश्न मनाता है. दरअसल, उसमें 10 लाख डॉलर (कल्ल्ल्लि फ८ 837295500 ) का इनाम था और वह इस खुशी में जश्न मना रहा था." इसके बाद शेरिफ कार्यालय को सूचित किया गया और पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया. इस बीच, क्रेग और डोनोहो ने खरीदार की पहचान करने के लिए स्टोर के वीडियो देखे और उसे लॉटरी की राशि जीतने के बारे में बताया।

## कमला हैरिस ने किया गाजा में युद्ध विराम का आह्वान




**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार कमला हैरिस ने विदेश नीति पर अपनी पहली टिप्पणी की. उपराष्ट्रपति हैरिस ने गुरुवार को इजरायल से युद्ध विराम समझौते पर सहमत होने का आह्वान किया। हैरिस ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि आइए इस समझौते को पूरा करें ताकि हम युद्ध विराम लागू कर सकें. बंधकों को घर वापस लाएं, और फिलिस्तीनी लोगों को राहत प्रदान करें। नेतन्याहू अमेरिका की यात्रा पर हैं. किसी विदेशी नेता की व्हाइट हाउस यात्रा के बाद उपराष्ट्रपति की ओर से पत्रकारों को इस तरह संबोधित करना असामान्य बात है. आम तौर पर राष्ट्रपति ही पत्रकारों से बात करते हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# ड्रग स्मगलर्स के संगठन सिनालोआ कार्टेल पर अमेरिकी प्रहार, दुनियाभर में कुख्यात इस्माइल एल मेयो और लोपेज गिरफ्तार






**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने दुनिया के सबसे खतरनाक, हिंसक और शक्तिशाली मादक पदार्थ तस्करी संगठनों में से एक सिनालोआ कार्टेल के दो कुख्यात सरगना को गिरफ्तार किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, मेक्सिको के कुख्यात ड्रग माफिया और सिनालोआ कार्टेल के सह-संस्थापक इस्माइल एल मेयो जाम्बाडा को अमेरिकी संघीय एजेंटों ने टेक्सास के एल पासो में गिरफ्तार कर लिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, साथ ही ड्रग तस्करी की दुनिया का 'गॉडफादर' कहे जाने वाले एल चैपो गुजमैन के बेटे जोआक्विन गुजमैन लोपेज को भी गिरफ्तार किया गया है। जाम्बाडा पर फेंटानाइल के निर्माण तथा तस्करी और अन्य ड्रग्स (कोकीन, हेरोइन, मेथामफेटामाइन) की तस्करी के आरोप हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए अमेरिकी सरकार ने 125 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था।

बताया गया है कि 76 वर्षीय जाम्बाडा और एल चैपो गुजमैन साथ मिलकर अपराध करते थे। फरवरी में जाम्बाडा पर अमेरिकी अभियोजकों ने फेंटानिल बनाने और तस्करी करने की साजिश का आरोप लगाया। यह पदार्थ हेरोइन से भी अधिक खतरनाक माना जाता है। अमेरिकी ओपिओइड संकट के लिए इसे ही जिम्मेदार ठहराया गया है।

अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा कि ये दोनों व्यक्ति दुनिया के सबसे हिंसक और शक्तिशाली मादक पदार्थ तस्करी संगठनों में से एक का नेतृत्व करते हैं। एल मेयो और लोपेज सिनालोआ कार्टेल के प्रमुख सरगना की सूची में हैं। दोनों को हवाई जहाज से उतरते समय गिरफ्तार किया गया। अमेरीकी संसद में जुलाई 2018 में पेश की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक सिनालोआ कार्टेल की सालाना कमाई तीन अरब डॉलर है। इसका प्रभाव कम से कम 50 देशों में है।

# भारत में सस्ता और नेपाल में महंगा होने के कारण सोने की तस्करी बढ़ने की आशंका



**काठमांडू।** भारत में सोने पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है लेकिन नेपाल में कस्टम ड्यूटी बढ़ाई गई है।अब दोनों देशों के बीच सोने की कीमत में अंतर होने से इससे जुड़े व्यवसायियों को अब सोने की तस्करी बढ़ने का डर सता रहा है।

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में पेश किए गए 2024-25 के केन्द्रीय बजट में सोने पर कस्टम ड्यूटी को कम करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने सोने पर अब तक लगने वाली कस्टम ड्यूटी को 15 प्रतिशत से घटा कर सिर्फ 6 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है। कस्टम ड्यूटी के कम होने से भारत में सोने की कीमत में भारी गिरावट होने वाली है

दूसरी तरफ, नेपाल सरकार ने पिछले महीने पेश किए गए बजट में सोने पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को बढ़ा दिया गया है। नेपाल की संसद से पास हुए 2024-25 के बजट में सोने पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को 15 प्रतिशत से बढ़ा कर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। इस तरह भारत में सोना पहले की तुलना में सस्ता और नेपाल में महंगा होने की संभावना है।

नेपाल स्वर्ण व्यवसायी महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन रसाइली ने कहा कि भारत का नया बजट लागू होने के साथ ही कीमतों में भारी गिरावट आने वाली है। उन्होंने कहा कि नेपाल में सोने की कीमतों में वैसे ही बढ़ोतरी हो रही है और नेपाल के नए बजट के हिसाब से जब सोना बाजार में आएगा तो और अधिक महंगा हो जाएगा। इससे भारत से नेपाल में तस्करी बढ़ने की आशंका है।

महासंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं नेपाल के सबसे बड़े सोना व्यवसायी माणिकरत्न शाक्य ने कहा कि अब तक नेपाल के रास्ते भारत में सोने की तस्करी होती रही है। चीन या दुबई से सोना लाकर खुली सीमाओं का फायदा उठाते हुए भारत की तरफ बड़े पैमाने पर तस्करी हुआ करती थी लेकिन दोनों देशों के बजट आने के बाद अब मामला उलटा पड़ने वाला है। शाक्य का दावा है कि अब तो नेपाल के व्यापारी भी नेपाल सरकार से महंगे दामों पर सोना लेने के बजाय भारत के सीमावर्ती क्षेत्र से सोना खरीद कर ला सकते हैं।


# बराक ओबामा ने भी किया कमला हैरिस का समर्थन



**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को आखिरकार पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा का भी समर्थन प्राप्त हो गया है। इस प्रकार कमला हैरिस के राह की आखिरी अड़चन भी समाप्त हो गई है। यह तय हो गया है कि वे आगामी 8 अगस्त को डेमोक्रेट रूल्स कमेटी की तयशुदा शर्तों के आधार पर पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार घोषित की जाएंगी।

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने स्वयं अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल ह्यएक्सह्ल पर कमला हैरिस के नाम पर सहमति जताने का संदेश लिखा है। बराक ओबामा ने लिखा, ह्यह्य इस सप्ताह मिशेल और मैंने अपनी मित्र @कमला हैरिस से बात की। हम समझते हैं कि वह अमेरिका की शानदार राष्ट्रपति सिद्ध होंगी, इसलिए अपने देश के सामने खड़ी कठिन चुनौती के बीच हम उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। हम उनके लिए हर वो काम करेंगे, जिससे वे नवंबर में होने वाले चुनाव में जीत सकें। हमें उम्मीद है कि आप सब भी हमारा सहयोग करेंगे। बराक ओबामा के इस ट्वीट के बाद कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से एकमात्र और सशक्त उम्मीदवार हो गई हैं और सभी आशंकाएं समाप्त हो गई हैं। दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडेन के पीछे हटने और उनके द्वारा ही उप राष्ट्रपति कमला हैरिस का नाम आगे करने के बाद से उन्हें पार्टी में चौतरफा समर्थन मिला। बिल और हिलेरी क्लिटन के साथ ही नैन्सी पेलोसी ने भी उनके नाम का समर्थन कर दिया था। लोगों को बराक ओबामा के समर्थन का इंतजार था, जो उन्होंने गुरुवार को घोषित कर दिया। इस संबंध में कमला हैरिस ने स्वयं एक वीडियो कॉल अपने ह्यएक्स हैंडल ह्लपर जारी किया है, जिसमें बराक ओबामा उन्हें फोन कर उनका समर्थन करते हुए सुनाई दे रहे हैं। बराक ओबामा अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति हुए हैं। इस दृष्टि से भी कमला को उनका समर्थन खासा महत्व रखता है। यदि नवंबर में होने वाले चुनावों में डोनाल्ड ट्रम्प को हराकर कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो वे अमेरिका कि पहली महिला, पहली अश्वेत महिला और दक्षिण एशियाई मूल की पहली अमेरिकी राष्ट्रपति होंगी। कमला हैरिस का नाम सामने आने के बाद से ट्रम्प को मिल रही बढ़त रुक सी गई है बल्कि पापुलर वोट में कमला हैरिस थोड़ा आगे ही बढ़ती नजर आ रही हैं।

## भारत-नेपाल-बांग्लादेश त्रिदेशीय विद्युत व्यापार समझौता कार्यक्रम स्थगित




**काठमांडू।** भारत के रास्ते नेपाल द्वारा बांग्लादेश को बिजली बेचने के लिए 28 जुलाई को यहां होने वाला त्रिदेशीय समझौता कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। बांग्लादेश में कुछ समय पहले तक हुए छात्र आंदोलन के कारण इस कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने को लेकर सहमति बनी है।

ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता नवीनराज सिंह ने कहा कि बांग्लादेश सरकार की तरफ से लिखित अनुरोध आने के बाद 28 जुलाई को काठमांडू में होने वाले त्रिदेशीय समझौता कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। इस समझौते के लिए भारत से ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल तथा बांग्लादेश से ऊर्जा राज्यमंत्री के आने का कार्यक्रम तय था।

बांग्लादेश की तरफ से नेपाल से बिजली खरीदने का समझौता हो चुका है। भारत के रास्ते बांग्लादेश को 400 मेगावाट बिजली निर्यात करने को लेकर नेपाल की तरफ से तैयारी पूरी हो चुकी है। इस समझौते को लेकर भारत सरकार ने नेपाल के झापा जिला स्थित पानीटंकी से पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी होते हुए बांग्लादेश की सीमा तक डेडीकेटेड ट्रांसमिशन लाइन बनाने को लेकर सहमति दे दी है।

## 'लगातार बढ़ती गर्मी से पूरी दुनिया को हो रहा ये नुकसान



**संयुक्त राष्ट्र :** इस सप्ताह लगातार तीन दिनों तक ग्लोबल तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने जीवन बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जरूरी कदम उठाने की अपील की है. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, "अरबों लोग भीषण गर्मी की महामारी का सामना कर रहे हैं, जो दुनिया भर में 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर के तापमान के साथ घातक गर्मी से झुलस रहे हैं. यह 122 डिग्री फारेनहाइट है."

एंटोनियो गुटेरेस ने कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के आंकड़ों का उदाहरण देते हुए कहा, "पिछले रविवार, सोमवार और मंगलवार रिकॉर्ड पर सबसे गर्म दिन थे." उन्होंने आगे कहा, "अनुमान है कि हर साल गर्मी से लगभग पांच लाख लोग मरते हैं, जो उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से मौतों के आंकड़ों से लगभग 30 गुना ज्यादा है. बहुत ज्यादा गर्मी असमानता, खाद्य असुरक्षा को बढ़ाती है और लोगों को गरीबी की ओर धकेलती है."

एंटोनियो गुटेरेस ने विश्व में फैल रही गर्म लहरों के प्रभाव को कम करने के लिए चार क्षेत्रों में कार्रवाई का आह्वान किया है. जिसमें सबसे कमजोर लोगों की देखभाल; श्रमिकों के लिए अधिक सुरक्षा; अर्थव्यवस्थाओं और समाजों की लचीलापन को बढ़ावा देना के साथ ही तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित रखने के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए कार्रवाई करना शामिल है.

उन्होंने श्रमिकों पर गर्मी के प्रभाव पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की गुरुवार को जारी की गई रिपोर्ट का हवाला दिया. इसमें चेतावनी दी गई है कि विश्व कार्यबल के 70 प्रतिशत से अधिक लोग, अर्थात 2.4 अरब लोग अब बहुत ज्यादा गर्मी के उच्च जोखिम में हैं. एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चार में से तीन श्रमिक अत्यधिक गर्मी के संपर्क में हैं. इन सबका लोगों और अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है.

उन्होंने आगे कहा कि प्रतिदिन तापमान जब 34 डिग्री से अधिक हो जाता है, तो श्रम की उत्पादकता में 50 प्रतिशत तक की कमी आ जाती है और काम के दौरान गर्मी के कारण होने वाले तनाव से ग्लोबल अर्थव्यवस्था को 2030 तक 2.4 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान है, जो 1990 के दशक के मध्य में 280 बिलियन डॉलर था.

उन्होंने श्रमिकों की सुरक्षा के लिए उपाय करने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा, "हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून और नियम आज की भीषण गर्मी की वास्तविकता को प्रतिबिंबित करें और उनका अनुपालन किया जाए. हमें अर्थव्यवस्थाओं, महत्वपूर्ण क्षेत्रों और निर्मित पर्यावरण को गर्मी से बचाने के लिए ठोस प्रयास की जरूरत है. देशों, शहरों और क्षेत्रों को अच्छे विज्ञान और आंकड़ों के आधार पर व्यापक, अनुकूलित हीट एक्शन प्लान की जरूरत है.""

उन्होंने कहा है कि जलवायु संकट के कई अन्य विनाशकारी लक्षण भी हैं, जिसमें भयंकर तूफान... बाढ़... सूखा... जंगली आग... समुद्र का बढ़ता स्तर आदि. उन्होंने कहा, "सभी देशों को अगले साल तक राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान या राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई योजनाएं पेश करनी होंगी, जो ग्लोबल तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए हो."

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की मेजबानी की

**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी की. नेतन्याहू की यह यात्रा इजरायल-हमास युद्ध के बीच बढ़ते तनाव और युद्धविराम वार्ता के बीच शुरू हुई है.

दोनों नेताओं ने अमेरिकी बंधकों के परिवारों से भी मुलाकात की, जिनमें सीगल परिवार, अलेक्जेंडर परिवार, डेकेल-चेन परिवार, नफ्ताली परिवार, न्यूट्रा परिवार, गोल्डबर्ग-पोलिन परिवार और चेन परिवार शामिल हैं. इजरायल के प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि मैं और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन व्हाइट हाउस में अमेरिकी बंधकों के परिवारों से मिले. उन्होंने एक्स पर उन परिवारों का नाम भी लिखा. बाइडेन से मिलने से पहले, नेतन्याहू ने कहा कि वह आने वाले महीनों में बाइडेन के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं. इजरायली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने कहा कि मैं आज आपसे चर्चा करने और आने वाले महीनों में हमारे सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों पर आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं. इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति से मिलने से पहले, इजरायली प्रधानमंत्री ने रूजवेल्ट रूम में अतिथि पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए.

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की. ( व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने अपनी वार्ता से पहले एक बयान में कहा कि आज, राष्ट्रपति बाइडेन इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ मध्य पूर्व की सभी चीजों, विशेष रूप से गाजा में संघर्ष के बारे में बात करने के लिए बैठे. किर्बी ने पुष्टि की कि बंधकों को उनके परिवारों के पास वापस भेजना 'बिल्कुल जरूरी' है.

इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा पर हैं. यह यात्रा ऐसे विवादास्पद समय में हुई है, जब इजरायल गाजा पट्टी में हमास के साथ बड़े पैमाने पर संघर्ष में लगा हुआ है, जहां 39,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं. इसने कुछ नेताओं और समाज के कुछ वर्गों से अमेरिकी प्रशासन की कड़ी आलोचना की है.

बुधवार को जब नेतन्याहू ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया, तो कैपिटल हिल के पास सड़कों पर 5,000 से अधिक प्रदर्शनकारी एकत्र हुए, फिलिस्तीनी झंडे लहराए और अमेरिका से इजरायल को हथियार देना बंद करने का नारा लगाया. अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एलन मस्क से भी मुलाकात की. दोनों ने एआई में अवसरों और चुनौतियों के साथ-साथ अर्थव्यवस्था और समाज पर इसके प्रभाव और इजरायल के साथ तकनीकी सहयोग के अवसरों पर चर्चा की.